RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

# द अचीवर टाइम्स

वर्ष : 9 अंक : 185
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023



## पीएम मोदी ने जातिवाद, क्षेत्रवाद को जड़ से खत्म करने का किया आह्वान

# पीएम मोदी ने लोगों से 10 प्रतिज्ञाएं लेने को कहा

एजेंसी





**नई दिल्ली।** दशहरा कार्यक्रम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह हर किसी का सौभाग्य है कि वे सदियों के इंतजार के बाद अब अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का गवाह बन रहे हैं। नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोगों से समाज में जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसी विकृतियों को जड़ से खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा कि दशहरा उत्सव को देश में हर बुराई पर देशभक्ति की जीत का प्रतीक भी बनाना चाहिए। यहां दशहरा कार्यक्रम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह हर किसी का सौभाग्य है कि वे सदियों के इंतजार के बाद अब अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का गवाह बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह कुछ महीनों में पूरा हो जाएगा और यह लोगों के धैर्य की जीत का प्रतीक है। मोदी दशहरा समारोह के उपलक्ष्य में द्वारका में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर मंच पर आयोजकों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग 'लंका दहन' देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। मोदी का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया गया। उन्हें राम दरबार की मूर्ति और गदा भी भेंट की गई। प्रधानमंत्री ने भारत के सफल चंद्र मिशन, नए संसद भवन के उद्घाटन और महिला आरक्षण कानून बनाए जाने का हवाला देते हुए कहा कि यह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के बीच हो रहा है। मोदी ने लोगों से 10 प्रतिज्ञाएं लेने को भी कहा, जिसमें कम से कम एक गरीब परिवार को उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जब सबका विकास होगा, तभी देश विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने पानी की बचत, डिजिटल लेनदेन, स्वच्छता, स्थानीय चीजों के लिए मुखर रहने (वोकल फॉर लोकल), गुणवत्तापूर्ण कार्य, घरेलू पर्यटन, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों के उपभोग और फिटनेस पर भी जोर दिया।

### मां दुर्गा के पंडालों में भी लोगों का हुजूम दिखाई दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोगों से समाज में जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसी विकृतियों को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया। पीएम मोदी दशहरा समारोह के उपलक्ष्य में द्वारका में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से 10 प्रतिज्ञाएं लेने को भी कहा, जिसमें कम से कम एक गरीब परिवार को उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करना भी शामिल है। उन्होंने पानी की बचत, डिजिटल लेनदेन, स्वच्छता, स्थानीय चीजों के लिए मुखर रहने (वोकल फॉर लोकल), गुणवत्तापूर्ण कार्य, घरेलू पर्यटन, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों के उपभोग और फिटनेस पर भी जोर दिया। लाल किले में दशहरा उत्सव के दौरान रावण दहन किया गया। इस दौरान पटाखों की गूंज से पूरा वातावरण भर गया। लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।

# मशाल से जलाएंगे चोरों की लंका: उद्धव ठाकरे

एजेंसी



**मुंबई।** पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, हिटलर, व्लादिमीर पुतिन, मुसोलिनी और स्टालिन की घरानेशाही नहीं थी। जब ऐसे लोगों के हाथ में सत्ता आती है तो क्या होता है, जर्मनी इसका उदाहरण है।

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मुंबई के शिवाजी पार्क की दशहरा रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की हिटलर से तुलना कर दी। उद्धव ने कहा कि हमें घरानेशाही पर अभिमान है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो परिवारवाद की व्यवस्था को नहीं मानते उन्हें घरानेशाही पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। परिवारवाद हिंदू संस्कृति का आधार है। हर घराने की परंपरा और संस्कार होते हैं। ठाकरे ने कहा, हिटलर, ब्लादिमिर पुतिन, मुसोलिनी और स्टालिन की घरानेशाही नहीं थी। जब ऐसे लोगों के हाथ में सत्ता आती है तो क्या होता है, जर्मनी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी विघ्नसंतोषी है कि शादी में जाकर भरपेट खाकर दूल्हा और दुल्हन में झगड़ा लगा देती है। ये लोग किसी आंदोलन में शामिल नहीं हुए लेकिन जहां जाते हैं सत्यानाश करते हैं। उद्धव ने शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि जिस तरह रावण ने सीता को चुराया था उसी प्रकार शिवसेना और धनुष बाण को चुराया है। ऐसे चोरों की लंका को मशाल (ठाकरे का चुनाव चिन्ह) से जलाएंगे।

**केंद्र में एक दल की नहीं, मिलीजुली सरकार चाहिए**

उद्धव ने कहा कि हमें एक दल को नहीं बल्कि केंद्र में मिलीजुली सरकार चाहिए। उन्होंने कोरोना काल में खिचड़ी घोटाले की जांच को लेकर केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि अगर उन्हें परेशान किया गया तो हम उल्टा लटका देंगे। पीएम केयर फंड पर घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। वहीं, विधायकों की अपात्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट में तारीख पर तारीख पर भी आपत्ति जताई और चुनौती दी कि हिम्मत है तो सरकार राज्य में चुनाव कराए। उद्धव ने धारावी पुनर्विकास को लेकर गौतम अदाणी पर भी निशाना साधा।

# भाजपा नेत्री की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, वाहन में आग लगने से जिंदा जली



एजेंसी

**अमरोहा।** मुरादाबाद की काशीराम कॉलोनी में रामरतन सिंह का परिवार रहता है। उनकी पत्नी सरिता चंद्रनगर मंडल की भाजपा उपाध्यक्ष थीं। पुलिस बताया कि सरिता रात करीब एक बजे कार में सवार होकर नूरपुर से मुरादाबाद अपने घर जा रही थीं। सरिता अकेली थीं और खुद कार चला रहीं थीं। नौगांवा सादात में सोमवार की रात नूरपुर से मुरादाबाद घर लौट रहीं भाजपा नेत्री की कार को ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार में आग लग गई। जिसके बाद चोटिल भाजपा नेत्री आग में बुरी तरह झुलस गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल भाजपा नेत्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव को घर ले गए। पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के लिए मुकदमा दर्ज कर लिया है। ये हादसा सोमवार रात नौगांवा सादात थानाक्षेत्र की कुमखिया चौकी के सामने हुआ। मुरादाबाद की काशीराम कॉलोनी में रामरतन सिंह का परिवार रहता है। उनकी पत्नी सरिता चंद्रनगर मंडल की भाजपा उपाध्यक्ष थीं। पुलिस बताया कि सरिता रात करीब एक बजे कार में सवार होकर नूरपुर से मुरादाबाद अपने घर जा रही थीं। सरिता अकेली थीं और खुद कार चला रहीं थीं। जैसे ही उनकी कार नूरपुर-मुरादाबाद रोड स्थित कुमखिया चौकी के सामने पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और आग लग गई। आग की लपटों में फंसने के बाद चोटिल सरिता बुरी तरह झुलस गई।

## मंदिरों में संघ की गतिविधियों पर प्रतिबंध का नया सर्कुलर जारी

# निर्देशों की अनदेखी हाईकोर्ट के फैसलों का उल्लंघन

एजेंसी





**तिरुवनंतपुरम।** केरल के एक मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स्) की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। मंदिर के निकाय ने प्रतिबंध वाला ताजा सर्कुलर जारी किया है। प्रतिबंध पहले भी लगाए जा चुके हैं। इस संबंध में हाईकोर्ट भी आदेश दे चुका है।

**केरल का बहुचर्चित-** त्रावणकोर देवासम बोर्ड (ञ्ञष्ठक्च) आरएसएस पर प्रतिबंध के मामले में सुर्खियों में है। राज्य के त्रावणकोर क्षेत्र में प्रमुख मंदिरों का प्रबंधन करने वाले शीर्ष मंदिर निकाय- टीडीबी की तरफ से प्रतिबंध का सर्कुलर भी जारि किया गया है। नया परिपत्र जारी कर मंदिर परिसरों और उसकी संपत्तियों पर आरएसएस की गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

**बिना अनुमति के कोई गतिविधि नहीं होगी**

देवास्वोम आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, मंदिर निकाय द्वारा प्रबंधित मंदिरों के परिसर के अंदर %नामजपा विरोध प्रदर्शन% (मंत्रों का जाप करके विरोध प्रदर्शन) पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। सर्कुलर में कहा गया है कि टीडीबी की अनुमति के बिना आरएसएस और ÷अतिवादी विचारधारा÷ वाले संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**औचक छापेमारी का निर्देश, चार दिन पहले जारी हुआ पत्र**

आरएसएस पर प्रतिबंध के संबंध में गत 20 अक्टूबर को जारी सर्कुलर में देवास्वोम विजिलेंस विंग को औचक छापेमारी करने का निर्देश भी दिया गया। इसका मकसद यह पता लगाना था कि क्या आरएसएस या अन्य संगठन मंदिर की संपत्तियों पर %शाखाएं% लगाने, सामूहिक अभ्यास या हथियार प्रशिक्षण जैसी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

**सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

टीडीबी ने संबंधित मंदिरों के कर्मचारियों और पुजारियों को ऐसे संगठनों की उपस्थिति और उनके संचालन के बारे में टीडीबी प्रबंधन को सूचित करने का निर्देश भी दिया है। सर्कुलर में कहा गया है कि मंदिरों में प्रतिबंधित गतिविधि के बारे में जो लोग सूचना देने में विफल रहेंगे उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा।

**निर्देशों की अनदेखी हाईकोर्ट के फैसलों का उल्लंघन?**

परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन लोगों का मंदिरों से कोई संबंध नहीं है, उनके फोटो, झंडे और फ्लेक्स बोर्ड मंदिर के परिसर में नहीं रखे जाने चाहिए। टीडीबी प्रबंधन ने कहा है कि निर्देशों का पालन करने में किसी भी विफलता को इस संबंध में उच्च न्यायालय के फैसलों का उल्लंघन माना जाएगा।

गौरतलब है कि पिछले महीने, केरल उच्च न्यायालय ने कहा था कि तिरुवनंतपुरम जिले में सरकारा देवी मंदिर के परिसर में किसी भी सामूहिक ड्रिल या हथियार प्रशिक्षण की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि ये मंदिर भी जो टीडीबी के प्रबंधन के तहत है।

हाईकोर्ट का निर्देश दो भक्तों की तरफ से दायर याचिका पर आया था। उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट से आरएसएस और उसके सदस्यों की तरफ से मंदिर परिसर के ÷अवैध उपयोग और अनधिकृत कब्जे÷ को रोकने के लिए आदेश पारित करने की अपील की थी।

गौरतलब है कि इसी साल मई में भी, टीडीबी ने एक परिपत्र जारी कर आरएसएस पर प्रतिबंध के आदेश को सख्ती से लागू करने को कहा था।

# बहराइच जिले में पिकअप और ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ंत, चालक की मौत, आठ की हालत गंभीर



संवाददाता

**लखनऊ।** ग्रामीण प्रतिमा विसर्जन के लिए पिकप पर जनरेटर व डीजे लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पिकप ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में पिकप चालक को मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकप सवार आठ ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीण प्रतिमा विसर्जन के लिए पिकप पर जनरेटर व डीजे लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पिकप ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में पिकप चालक को मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकप सवार आठ ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच ले जाया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवराजपुर में बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन होनी है। जिसको लेकर मंगलवार की शाम ग्रामीण फखरपुर चौराहे से जनरेटर व डीजे लेने गए थे। जहां से वापस आने के दौरान लखनऊ- बहराइच मार्ग पर शिवराजपुर के पास कैसरगंज की तरफ से आ रही तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से पिकप में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिकअप चालक शिवराजपुर निवासी अल्ताफ (26) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ग्रामीण नरेंद्र कुमार (18), मिथिलेश (25), नीरज (10), नैमिष (10), रामनिवास (30), विशाल (25), शिवकुमार (17) और प्रवेश (15) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी फखरपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सको ने सभी को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार लोग भाग गए हैं। जांच की जा रही है।

# दशहरा रैली में गरजे एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे

## एक-दूसरे पर जमकर साधा निशाना

एजेंसी







मुंबई। मराठा आरक्षण पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं भी मराठा परिवार से हूं और मैं उन्हें अच्छी तरह से समझ सकता हूं। उनकी आरक्षण की मांग उचित है। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की शपथ लेता हूं। मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे कोई भी गलत कदम न उठाएं, आपका परिवार आपके पीछे है।

महाराष्ट्र की सियासी हलचल में दशहरा का दिन शिवसेना के दोनों धड़ों के शक्ति प्रदर्शन का रहा। शिवसेना (यूबीटी) ने विजयदशमी के मौके पर शिवाजी पार्क में दशहरा रैली का आयोजन किया तो आजाद मैदान में एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ने रैली की। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर बड़ा हमला बोला। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव कराएं और जनता आपको बताएगी कि असली शिवसेना कौन है? मैं आपको महाराष्ट्र में चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आजाद मैदान आज आजाद शिवसैनिक जुटे हैं। मुझे यहां भगवा लहर दिख रही है। हमने सत्ता को लात मार दी, लेकिन बाला साहेब के विचार को गिरने नहीं दिया। बाला साहेब के विचार हमारे लिए सब कुछ हैं।

**उद्धव ठाकरे ने क्या कहा? राऊत भी बरसे**

उद्धव ने कहा कि रावण शिव का परम भक्त था, फिर भी उसके अहंकार ने उसकी जान ले ली। जब मैं मुख्यमंत्री था तो कभी भी पुलिस से प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने के लिए नहीं कहा गया। आज मराठा समुदाय के साथ बर्बरता की जा रही है। मौजूदा सरकार जनरल डायर सरकार है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब शासक की कुर्सी अस्थिर होती है, तो देश मजबूत हो जाता है। इस दौरान उन्होंने मिली-जुली सरकार की वकालत की। उद्धव ने मनमोहन सिंह, पीवी नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकारों का जिक्र किया। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि हमने एक मजबूत सरकार देखी। केंद्र हो या राज्य, हर जगह मजबूत सरकार होनी चाहिए, लेकिन प्रचंड बहुमत के साथ एक पार्टी की सरकार नहीं होनी चाहिए।

### सीएम एकनाथ शिंदे ने क्या कहा?


शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने दशहरा मैदान से गर्व से कहो हम हिंदू हैं का नारा दिया था। वे कांग्रेस को पसंद नहीं करते थे। आज आपकी कांग्रेस में विलीन होने को तैयार है। सीएम शिंदे ने दावा किया कि मैंने आज रावण का दहन किया। 2024 में देश की जनता विपक्षी गठबंधन इंडिया नाम के रावण का दहन करेगी। 2014 में भी मोदी थे, 2019 में भी मोदी थे, 2024 में भी मोदी ही आएंगे। हम महाराष्ट्र में 48 में से 45 लोकसभा सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न हमें दिया यानी जब हमें असली शिवसेना माना गया तो शिवसेना के बैंक खाते में 50 करोड़ रुपए जमा थे। इन लोगों ने वह पैसे बैंक से मांगे, लेकिन बैंक ने इनकार कर दिया। बाद में पैसे के लिए हमें पत्र लिखा गया। मैने तुरंत हामी भर दी, क्योंकि इनका लगाव सिर्फ पैसों से है, बालासाहेब के विचारों से नहीं।

### मराठा आरक्षण को लेकर कही यह बात

मराठा आरक्षण पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं भी मराठा परिवार से हूं और मैं उन्हें अच्छी तरह से समझ सकता हूं। उनकी आरक्षण की उचित मांग है। हम मराठा आरक्षण को कानूनी रूप से तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी समुदाय के साथ अन्याय किए बिना मराठा आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की शपथ लेता हूं। मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे कोई भी गलत कदम न उठाएं, आपका परिवार आपके पीछे है। जब तक मेरे खून की एक भी बूंद बाकी है, मैं मराठा आरक्षण के लिए काम करूंगा। जो कमेटी बनी है वह 24 घंटे इस पर काम कर रही है।

# गुजरात में नैनो डीएपी विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन शाह ने किया

एजेंसी





**गांधीनगर।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। शाह ने कहा, नैनो यूरिया किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को फसल के कम उत्पादन की आशंका से भी नहीं जूझना पड़ेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के कलोल में नैनो डीएपी (डायमोनियम फॉस्फेट तरल) विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। इसका निर्माण भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) के कलोल परिसर में किया गया है। उन्होंने इस मौके पर किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। शाह ने कहा, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी किसानों को उत्पादन से समझौता किए बिना प्राकृतिक खेती अपनाने में मदद करेगा।

संबोधन के बाद मंगलवार को इफको ने बताया कि कलोल में नैनो डीएपी बनाने के लिए लगा प्लांट दुनिया का पहला ऐसा संयंत्र है। इफको के अनुसार, यह अपनी तरह का पहला संयंत्र है जो पारंपरिक डीएपी के एक बैग के बराबर 500 मिलीलीटर इफको नैनो डीएपी (तरल) बोतलों का उत्पादन करेगा। इसमें कहा गया है कि संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन दो लाख बोतलें बनाने की होगी। प्लांट के उद्घाटन के बाद किसानों से मुखातिब केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह ने कहा, ÷आज से 10 साल बाद जब कृषि के क्षेत्र में सबसे बड़े प्रयोगों की सूची तैयार की जाएगी, तो मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि इफको के नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को इसमें जगह मिलेगी।÷ केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समय की मांग है कि यूरिया का उपयोग कम किया जाए और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ाया जाए। शाह के अलावा केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया भी समारोह में मौजूद रहे। पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से बनाए गए प्लांट का निरीक्षण कर शाह ने वहां के अधिकारियों से बारीकियों की जानकारी भी ली। अपने संबोधन में शाह ने किसानों से कहा, ÷अगर आप तीन साल (ऐसी खेती के लिए मिट्टी तैयार करने के लिए आवश्यक अवधि) तक उत्पादन कम किए बिना प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग करें।

## भारतीय किसान यूनियन (अवस्थी गुट) की संपन्न हुई बैठक

# अधिकारियों के सुस्त रवैए के खिलाफ है आक्रोश

❖ तथाकथित किसानो के भेष मे भूमाफिया रहे मुख्य चर्चा का विषय।

**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (अवस्थी गुट) ने संयुक्त रूप से सेमरा गौढ़ी आई आई एम रोड पर भारतीय किसान यूनियन (अवस्थी गुट) के कार्यालय पर बैठक की। बैठक में किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने मिलकर क्षेत्र में घूम रहे तथाकथित किसानो के भेष मे भूमाफिया व उनके संरक्षको के विषय पर चर्चा की और तथाकथित किसानो के भेष मे घूम रहे भूमाफिया पर अंकुश लगाने की रणनीति बनाई. आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सुस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ रोष भी व्यक्त किया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन (अवस्थी गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम अवस्थी ने मीडिया से बात चीत में कहा की क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशु किसान मजदूर वर्ग की रोजी- रोटी पर संकट बनकर टूट पड़े हैं, जिससे किसान मजदूर वर्ग उबर नहीं पा रहा है।

ऐसे में भारतीय किसान यूनियन (अवस्थी गुट) मिलकर इन समस्याओं की लड़ाई लड़ेगा तथा क्षेत्र में हो रही समस्यों से किसान मजदूर वर्ग को निजात दिलाएगा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में घूम रहे इन आवारा पशुओं को जल्द से जल्द इनके आश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जाए तथा उनकी समुचित देखभाल जैसी सुविधाओं को भी सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन के लोगों ने उनकी मांगों को नहीं सुना तो पूरे प्रदेश मे विभिन्न जिलो की ग्राम पंचायतों में मौजूद भारतीय किसान यूनियन अवस्थी गुट के पदाधिकारी अपने क्षेत्र के लोगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के लिए पैदल मार्च करेंगे। भारतीय किसान यूनियन (अवस्थी गुट) बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम अवस्थी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा,राष्ट्रीय प्रवक्ता नैमिष पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्वाला सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहन अवस्थी लखनऊ जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, लखनऊ जिला महामंत्री मूल चंद्र मिश्रा, लखनऊ कार्यालय प्रभारी सोमेन्द्र अवस्थी, बाराबंकी जिला अध्यक्ष संतोष तिवारी, डी के शुक्ला, अनूप मिश्रा, राज श्रीवास्तव, प्रियांशु रावत, विकास राजवंशी, सौरभ झा, शिवा सिंह, विशाल रावत , शिवा मिश्र, कपिल रावत,अर्जुन रावत, संतराम कनौजिया, पहलवान निषाद, अनिल बालमीकी, सोनू बालमीकी, राजेश गौतम, रामकुमार गौतम, राजेंद्र रावत, प्यारे लाल रावत, धर्मेन्द्र रावत आदि पदाधिकारियों समेत क्षेत्र के सैकड़ों किसान,मजदूर मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जनपद के किसान भाइयों से अपने खेत में पराली न जलाने की, की अपील

❖ कृषि विभाग द्वारा पराली प्रबंधन हेतु कृषकों को जागरुक करने के लिए नियमित रुप से कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित।

**द अचीवर टाइम्स अनुराग मल्होत्रा**



**बाराबंकी।** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं की प्रशासन स्तर पर कड़ी निगरानी की जा रही है और सेटेलाइट के माध्यम से भी इसकी सूचना प्राप्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि पराली को जलाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को पराली के पर्यावरणीय प्रबंधन के दृष्टिकोण से समुचित साधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ज़िलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पराली जलने की घटनाओं पर नियंत्रण एवं कृषकों को जागरूक करने के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज 24 अक्तूबर को उप कृषि निदेशक एवं तहसीलदार नवाबगंज द्वारा विकास खण्ड देवा के ग्राम कुम्हंरावां विकास खण्ड बंकी के ग्राम जसमण्डा आदि का भ्रमण कर कृषकों से वार्ता की गई एवं उन्हें पराली प्रबन्धन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। किसान भाइयों को अवगत कराया गया कि खेतों में पराली/फसल अवषेश जलाना दण्डनीय अपराध है एवं पराली जलाने की घटना पाये जाने पर नियमानुसार अर्थदण्ड एवं अन्य कार्यवाही का भी प्राविधान है। ग्राम जसमण्डा एवं कुम्हरांवा में पराली जलाने वाले कृषकों पर नियमानुसार अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया गया। उप निदेशक, कृषि के अनुसार अब तक पराली जलाने की 40 सूचित घटनाओं के सापेक्ष 22 घटनाओं की पुष्टि हुई है और जिसके सापेक्ष सम्बन्धित व्यक्तियों पर नियमानुसार 60000 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। इसके अतिरिक्त कूड़ा जलाने वाले लोगों पर भी रूपए 15000 का अर्थदण्ड लगाया गया है। इस प्रकार कुल अधिरोपित अर्थदण्ड 70000 रुपए के सापेक्ष शत- प्रतिषत वसूली भी कराई गई है। घटना की पुनरावृत्ति पाये जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही भी कराई जायेगी। उप निदेशक, कृषि के अनुसार पराली जलाने के सम्बंध में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति हेतु अर्थदण्ड की व्यवस्था इस प्रकार है-

1-कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 2500 रुपए प्रति घटना।

2-कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 5000 रुपए प्रति घटना।

3-कृषि भूमि का क्षेत्रफल 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड 15000 रुपए प्रति घटना।

उप निदेशक, कृषि ने भी समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि अपने खेत में पराली कदापि न जलायें एवं स्ट्रारीपर के साथ ही अपने खेतों में कम्बाइन मशीन से कटाई सुनिश्चित करायें ताकि उन्हें किसी प्रकार की विधिक कार्यवाही का सामना न करना पड़े एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों के माध्यम से निःशुल्क वेस्ट डिकम्पोजर प्राप्त कर फसल अपशिष्ट को खेतों में ही डिकम्पोज कर उससे खाद बनाएं।

## एक नज़र

### निपुण लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे एनजीओ और उत्कृष्ट शिक्षक, 25 से 10 दिसंबर तक चलेगा अभियान



**लखनऊ।** बच्चों में बुनियादी भाषायी व गणित विषयों में दक्षता के विकास के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 25 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक प्रदेश भर के शिक्षकों व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। बच्चों में बुनियादी भाषायी व गणित विषयों में दक्षता के विकास के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 25 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक प्रदेश भर के शिक्षकों व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण डायट स्तर पर 25 अक्तूबर से चार नवंबर के बीच होगा। वहीं, प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर छह नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होगा। खास बात ये है कि प्रशिक्षण में फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी (एफएलएन) के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाएगा, जबकि ऐसे प्रधानाचार्यों और शिक्षको को भी अपने अनुभव साझा करने का अवसर दिया जाएगा जिन्होंने अपने विद्यालयों में 80 प्रतिशत तक निपुण लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

**अभियान को मिलेगी गति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि निपुण लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों व ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए डीआईओएस, बीएसए व बीईओ आदि का प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है। इसी क्रम में अब प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम तय किया गया है, जिससे वे विद्यार्थियों को निपुण बनाने के अभियान को गति दे सकें। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण डायट स्तर पर 25 अक्तूबर से चार नवंबर के बीच होगा। वहीं, प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर छह नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होगा। हर ब्लॉक में पांच एआरपी व सभी डायट मेंटर शामिल होंगे। इनको सीमैट प्रयागराज के संदर्भदाता प्रशिक्षण देंगे। महानिदेशक ने कहा है कि शिक्षकों का बैच 50-50 का होगा। अगर शिक्षक अनुपस्थित मिलते हैं तो इसके लिए बीईओ जिम्मेदार होंगे।

**बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का हो सम्मान**

जारी निर्देशों में कहा गया है की प्रशिक्षण में फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी (एफएलएन) के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जनपद और विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण में आमंत्रित किया जाए, जिससे कि उनके अनुभव एवं विशेषज्ञता का लाभ प्राप्त हो सके। इसी तरह, प्रत्येक बैच में एक ऐसे प्रधानाध्यपक / शिक्षक की पहचान की जाए, जिन्होंने अपने विद्यालय में सक्रिय पुस्तकालय, बच्चों की अधिगम दक्षता, कक्षा शिक्षण, ऑपरेशन कायाकल्प, एसएमसी/समुदाय से सहयोग, सीएसआर फंड, प्रार्थना सभा, प्रिन्टरिच/ टीएलएम इत्यादि क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन/नवाचार किया हो अथवा विद्यालय के 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे निपुण हो। शिक्षकों के उत्साहवर्द्धन के लिए ऐसे प्रधानाध्यापक व शिक्षक को 10 मिनट का समय प्रदान किया जाए जिससे कि वे सफलता की कहानी सभी शिक्षकों के साथ साझा कर सकें। प्रशिक्षण में ऐसे शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाए। शिक्षण प्रशिक्षण की राज्य और जनपद दोनों स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

**डीबीटी के माध्यम से शिक्षकों को होगा भुगतान**

निपुण भारत मिशन के तहत प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले शिक्षक प्रशिक्षण से संबंधित भुगतान अब डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांस्फर के जरिए सभी शिक्षकों के खाते में दिया जाएगा। इस पूरे प्रशिक्षण अभियान के लिए सभी मद में 2941 लाख रुपए जारी किए गए हैं।डायट स्तर पर समस्त संदर्भदाताओं (एआरपी, केआरपी) को जलपान/लंच के लिए 200 रुपए एवं प्रशिक्षण संचालन के लिए प्रति प्रतिभागी 50 रुपए की दर से धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र, संदर्भदाताओं को 170 रुपए प्रति दिवस की दर से देय होगा। यह धनराशि जिला परियोजना कार्यालय द्वारा बैचवार प्रशिक्षण समाप्ति के 2 दिन के अंदर शिक्षकों के खाते में भेजी जाएगी।

### होटल मालिक ने कारोबारी को लगाया 1.41 करोड़ का चूना

**लखनऊ।** नाका के एक होटल मालिक ने अपना होटल बेचने के नाम पर एक कारोबारी से 1.41 करोड़ रुपये ठग लिए। रकम वापस मांगने पर आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने रविवार को नाका थाने में केस दर्ज कराया है। तालकटोरा के राजाजीपुरम निवासी कारोबारी पुनीत टंडन ने नाका थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि हजरतगंज के गोखले मार्ग स्थित शालीमार इंपीरियल अपार्टमेंट निवासी सुनील कुमार का नाका में होटल पाल अवध है। होटल बेचने के लिए सुनील ने उनसे बातचीत की थी। सुनील ने बताया था कि पिरामल कैपिटल एंड हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास होटल बंधक है। वह होटल बेचकर मिली रकम से फाइनेंस कंपनी को भुगतान करके दो माह में नो ड्यूज पेपर उनको सौंप देंगे। सुनील की बातों में आकर पुनीत होटल खरीदने के लिए राजी हो गए। उन्होंने 31 अक्तूबर 2021 को चेक व आरटीजीएस से 1.41 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया।

# मछुआ समुदाय के व्यक्तियों से चिकित्सा सहायता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रितः धर्मराज सिंह



**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**

**हरदोई।** सहायक निदेशक मत्स्य धर्मराज सिंह ने सूचित किया है कि मत्स्य विभाग में उ0प्र0 मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनान्तर्गत चिकित्सा सहायता हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र से सम्बन्धित गाइडलाइन ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है, गाइडलाइन के अनुसार मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। चिकित्सा अवकाश से सम्बन्धित दस्तावेज (गाइड लाइन के अनुसार) ऑनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग हरदोई के कार्यालय कम्पनी बाग, हरदोई स्थित जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# मा0 मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम से पूर्व समस्त तैयारियां पूरी कर लें: जिलाधिकारी

❖ मा0 मुख्यमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए आवागमन के लिए आम लोगों के लिए दो तथा वीआईपी लोगों के लिए एक रास्ता बनवायें: एम0पी0 सिंह

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**हरदोई।** तहसील शाहाबाद में प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी के साथ मा0 मुख्यमंत्री जी की जनसभा एवं हेलीपैड स्थल चयन हेतु शाहाबाद के रामलीला मैदान तथा ग्राम उधरनपुर के रामलीला मैदान को देखने के बाद ग्राम उधरनपुर में ही एक अन्य स्थान पर पर्याप्त स्थल को देखकर हेलीपैड एवं जनसभा मंच बनाने के निर्देश पीडब्लूडी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को दियें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह बब्बन एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष से कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की सुरक्षा को देखते हुए आम लोगों के आवागमन के लिए दो तथा वीआईपी लोगों के लिए एक रास्ता बनवायें ताकि आवगमन में किसा प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हों। उन्होने निर्देश दिये कि जनसभा स्थल को लोडर से बराबर कराने के बाद मैटी डालकर कुर्सी डाली जाये और हैलीपैड एवं सड़क की निर्धारित समय में इंटर लाकिंग करायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये मा0 मुख्यमंत्री जी के संभावित कार्यक्रम से पूर्व समस्त तैयारियां पूरी कर लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उप जिलाधिकारी शाहाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व पश्चिमी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित पीडब्लूडी, नगर पालिका एवं अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### सिर पर वार कर बुजुर्ग किसान की हत्या

**लखनऊ।** इटौंजा के उसरना गांव में सिर पर वार करके बुजुर्ग किसान की हत्या कर दी गई। रविवार रात उनका शव खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया मगर तहरीर नहीं दी है। पुलिस का कहना है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उसरना निवासी हरीश चंद्र के मुताबिक उनके पिता जय जय राम (60) रविवार शाम पांच बजे खेत पर काम करने गए थे। रात नौ बजे तक वह नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। रात करीब 12 बजे के आसपास खेत में ही बनी झोपड़ी के पास उनका शव पड़ा मिला। पास में ही पेड़ की डाल टूटी पड़ी थी। जय जय राम के मुंह से खून निकल रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जय जय राम के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# रावण के जलते ही एतिहासिक रामलीला मैदान में गूंजा जय श्रीराम

**संवाददाता**

**लखनऊ में कई इलाकों में रावण दहन**





**लखनऊ।** लखनऊ की प्राचीन रामलीला समिति की ओर से रामलीला मैदान में दशहरे के दिन विजय दशमी पर्व मनाया गया। मैदान के आसपास एशबाग रोड, वाटरवर्क्स रोड से पीली कालोनी तक चारों तरफ दशहरे मेले की धूम रही। हर तरह की दुकानें सजी थीं। लखनऊ की प्राचीन रामलीला समिति की ओर से रामलीला मैदान में दशहरे के दिन विजय दशमी पर्व मनाया गया। मैदान के आसपास एशबाग रोड, वाटरवर्क्स रोड से पीली कालोनी तक चारों तरफ दशहरे मेले की धूम रही। हर तरह की दुकानें सजी थीं। मैदान में बने तुलसी रंगमंच पर लीला की राम स्तुति से शुरुआत हुई। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा मौके पर मौजूद रहे। सभी को विजय दशमी की बधाई दी। कहा कि इस राम लीला में जो आता है, वो राम को हो जाता है। रामलीला समाप्त होने के बाद रावण का पुतला जलाया गया। रामलीला मैदान के अतिरिक्त कानपुर रोड पर भी रावण दहन हुआ। महानगर रामलीला, मौसमगंज रामलीला कमेटी की ओर से भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामलीला के मंच पर मेघनाद का वध हुआ और उसके बाद रावण वध के प्रसंग का मंचन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर जय श्री राम के उद्घोष से गूंजता रहा। फिर मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक और पूर्व मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, रामलीला समिति के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र अग्रवाल समेत समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में 80 फीट का रावण का पुतला फूंका गया। रावण के पुतले पर लिखा गया है कि सनातन धर्म के विरोध का अंत हो। इसी के साथ जय श्री राम के उद्घोष से लखननगरी गूंज उठी और शुरु हो गया आतिशबाजी का दौर। प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि रामायण में निहित राम जी का जीवन, उनका चरित्र, उनका आचरण, उनका व्यवहार सभी चीजों को व्यक्ति को अपने जीवन उतारना चाहिए, उससे सीखना चाहिये। गोस्वामी तुलसी दास जी के पग चिन्हों से पल्लवित ऐशबाग की राम लीला बहुत खास है। दशहरे पर रावण के पुतले को जलाकर हम सभी यह स्मरण करते हैं कि असत्य पर सत्य की विजय होती है। डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐशबाग की राम लीला एक ऐतिहासिक रामलीला है। यहां पर गोस्वामी तुलसीदास का पदार्पण हुआ था। इस रामलीला का स्वरूप दिन - प्रतिदिन निखर रहा है।

# राम कथा ज्ञान यज्ञ का भंडारे के साथ हुआ समापन



**द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा**

**मलिहाबाद, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर हो रही नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का भंडारे के साथ हुआ समापन। आपको बता दें कि मलिहाबाद क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में विगत 15 अक्टूबर से चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन।भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा वाचक श्री अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने नौ दिन तक चली कथा में भक्तों को श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। मेला कमेटी के संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने कहा कि लोगों को धार्मिक आस्था जरूर रखनी चाहिए इससे दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। कथा से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है।

## भूमाफियाओं मानसिक रूप से पीड़ित को नशा पिलाकर कराई जमीन अपने नाम

# भू माफिया लगातार दे रहे सरकार को चुनौती

**द अचीवर टाइम्स अमित सिंह तोमर**



पीड़ित किसान



भू माफिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लगातार दबंगों जालसाजो व भू-माफियाओं ने मानपुर लाल शिवपुरी के मानसिक रूप से पीड़ित व नशे का आदी व्यक्ति विमल किशोर को बहला फुसलाकर बिना मूल्य दिए (रूपए) 22/12/2020 को गाटा 21 रकबा 0.496 हे0 में से 1 बीघा पक्का 0.253 बैनामा निष्पादित करवा लिया था। पीड़ित विमल किशोर के तीन नाबालिक बच्चे हैं एक बेटी उम्र 14 वर्ष, लड़का 11 वर्ष व 8 वर्ष है मानसिक रूप से पीड़ित विमल किशोर की पत्नी गीता देवी का कहना है कि ग्राम सभा लालपुर निवासी लाल बहादुर, राम सिंह यादव और अस्ति ग्राम सभा के कई लोग शामिल है। शराब पिलाकर हमारे पति से मुकेश जायसवाल उर्फ मुकेश कुमार जायसवाल पुत्र राजेंद्र कुमार जायसवाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर सरैया परगना महोना तहसील बीकेटी लखनऊ पीड़ित विमल किशोर को कई बार धमकाते हुए कहा की तहसील व राजनीति में हमारी बहुत पहुंच है एक भी रुपया पैसा नहीं देंगे। पीड़ित महिला को धमकाते हुए कहा खारिज दाखिल करा लेंगे पीड़ित महिला गीता देवी का कहना है कि मुकेश जायसवाल हमारी जमीन पर आकर कई बार धमका चुके हैं और जमीन पर कब्जा लेने का प्रयास किया पीड़ित विमल किशोर की पत्नी ने बीकेटी तहसील व बीकेटी थाने पर तहरीर दी लेकिन ऊंची पहुंच होने के कारण पीड़ित को बख्शी तालाब थाने से कोई मदद नहीं मिली।

पीड़ित गीता देवी का आरोप है कि हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और मुकेश जायसवाल हमारी जमीन पर आकर हमको धमकाते हैं बोलते हैं आपके ऊपर मुकदमा लिखवा देंगे नहीं तो जमीन का कब्जा हमें दे दो। उत्तर प्रदेश के यशस्वी श्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सख्त आदेश है कि तहसील प्रशासन किसी भी प्रकार की जमीनी विवाद पर लापरवाही ना करें लेकिन फिर भी बीकेटी तहसील के कुछ अधिकारी इस विषय को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। लाल बहादुर पुत्र राम रतन निवासी लालपुर माजरा मानपुर लाल बीकेटी लखनऊ दबंग किस्म का आदमी है पूर्व में इसके ऊपर बीकेटी थाने से कई मुकदमा पंजीकृत हैं मानपुर लाल में कई किसानों को अपना शिकार बन चुका है शातिर दिमाग होने के कारण दबंग भू-माफिया लाल बहादुर आसानी से भोले-भाले किसानों को शराब व अन्य मादक पदार्थ पिलाकर जमीन का बैनामा किसी दबंग को निष्पादित कर देते है।

# पत्नी की लोहे के राड से पीटकर की हत्या, फिर खुद फंदे से झूल गया पति

**संवाददाता**

**लखनऊ।** कोतवाली नानपारा में सोमवार की रात एक पति ने पत्नी की लोहे की राड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। फिर खुद भी फांसी के फंदे से झूल गया। सुबह मासूम बच्चों ने बगल में रह रही मौसी को घटना की जानकारी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं क्षेत्र में घटना को लेकर सवालिया निशान खड़े किए जा रहे हैं और दोहरे हत्याकांड की भी चर्चा तेज है। घटना की जानकारी होने पर एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को हर पहलू पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। कोतवाली नानपारा के नई बस्ती निवासी आरती (29) का विवाह लगभग आठ वर्ष पूर्व हमीरपुर निवासी धीरज (33) के साथ हुआ था। विवाह के बाद धीरज पत्नी के साथ नानपारा में ही रहता था और ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है की पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था और धीरज विवाद में आरती की पिटाई भी करता था। सोमवार की रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद धीरज ने लोहे की राड से आरती पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। वहीं खुद को फंसता देख खुद भी फंदे से झूल गया। सुबह घर में मौजूद मासूम बच्चों प्रभात (06) व नैना (04) ने घटना की जानकारी बगल में रह रही अपनी मौसी पूजा को बताई तो हड़कंप मच गया। दो-दो मौतों की सूचना से पूरे मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाल मिथिलेश कुमार राय दल बाल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान जांच पड़ताल कर दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना की जानकारी होने पर एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के बाद पुलिस कर्मियों को सघन पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी करें मासिक समीक्षा - मंडलायुक्त

## मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता**

**सीतापुर।** महिलाओं एवं बच्चों को संरक्षण और सशक्तिकरण प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंडलायुक्त रौशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ में एल0डी0ए0 सभागार में संपन्न हुआ । कार्यशाला में मंडल के सभी जनपदों के जिलाधिकारी ऑनलाइन रूप में मौजूद रहे। विदित है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के हर मंडल में ऐसी कार्यशालायें आगामी दो माह में आयोजित की जाएंगी । कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संस्थागत देखरेख, कन्वर्जेंस आवश्यकताओं, घटकों तथा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत सभी सेवाओं के बारे में संवेदित किया गया। साथ ही मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति से संबंधित मंडल स्तरीय कार्ययोजना का निर्माण किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि मण्डल के सभी जिलों के जिलाधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वार्षिक योजना बनाते हुए उनकी मासिक समीक्षा करें और अंतर्विभागीय कन्वर्जेन्स पर जोर दें। उन्होंनें अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों के गठन एवं त्रैमासिक समीक्षा बैठक करते हुये वार्षिक बाल संरक्षण कार्ययोजना की प्रगति और योजनाओं के अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती की समीक्षा करें। बाल देखरेख संस्थाओं के नियमित निरीक्षण व बच्चों की देखरेख व संरक्षण संबंधी विषयों की नियमित समीक्षा करें 7 उन्होंने कहा कि बाल देखरेख संस्थाओं में बच्चों की स्थिति एवं उन्हें मूलभूत सुविधाओं जैसे कि भोजन, स्वास्थ्य, काउंसलिंग, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, योग, मनोरंजन एवं खेलकूद की उपलब्धता की स्थिति विशेषकर संप्रेक्षण गृहों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करें। विभिन्न जनपदों में बाल तथा महिलाओं से संबंधित देखरेख संस्थाओं और गृहों को संचालित किये जाने की आवश्यकता का आंकलन करें। ग्राम पंचायतों में तैयार की जाने वाली ग्राम पंचायत विकास योजना में बच्चों एवं महिलाओं से सम्बंधित विषयों को सम्मिलित करते हुये योजनाओं में उल्लेखित पाँच प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित कराएं । ग्राम पंचायत स्तर पर बाल सभा एवं महिला सभा का गठन एवं उनकी बैठकें करने और बाल हितैषी ग्राम पंचायतें विकसित करने के लिए नवाचार शुरू करें। महिला कल्याण के उपनिदेशक पुनीत मिश्रा ने बताया कि जनपदों की आवश्यकताओं को देखते हुये प्रत्येक मंडल स्तर पर बच्चों व महिलाओं की विभिन्न श्रेणियों से संबंधित गृहों के संचालन की योजना बनाई है। साथ ही गैर संस्थागत देखरेख को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं जिसमें जरूरतमंद बच्चों को 4000 रू0 प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है। यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ सैयद मंसूर उमर कादरी ने कहा कि बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर गठित बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों को क्रियान्वित करना और विभागीय सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित सभी प्रमुख कार्यक्रम को दो प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओं-मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। दोनों योजनाओं का मुख्य लक्ष्य महिलाओं, तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास व उनके संरक्षण एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाना है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य है जोखिमपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना। योजना के अंतर्गत नवाचार को बढ़ावा देना एवं महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति योजना शुरू की गई है। जिसके अर्न्तगत विभिन्न विभागों के कर्न्वेजन्स के माध्यम से मिशन शक्ति के लक्ष्यों की प्राप्त किया जाने को महत्ता दी गई है। कार्यशाला में महिला कल्याण विभाग के उपनिदेशक प्रवीन कुमार त्रिपाठी, जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से मुख्य परीवीक्षा अधिकारी आकांक्षा अग्रवाल, उपनिदेशक आशुतोष कुमार, राज्य परामर्शदाता नीरज मिश्र व प्रीतेश तिवारी, लखनऊ के जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह सहित जनपद हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, खीरी से विभिन्न विभागों जैसे पुलिस, स्वास्थ्य, बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार, दिव्यांगजन, श्रम, शिक्षा, कौशल विकास मिशन आदि के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेन्टर, हब फॉर वूमेन इम्पॉवरमेन्ट आदि के सदस्य मौजूद रहे।

## एक नज़र

### मां भगवती के पैतीसवा विशाल जागरण का किया गया है आयोजन।



**बांकेगंज खीरी ।** मां भगवती का 35 वा विशाल जागरण का कस्बा स्थित श्री राधा कृष्ण बाकेश्वर महादेव मंदिर में किया गया आयोजन। कस्बा के राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में मां भगवती का विशाल जगराता का किया गया रविवार को श्याम दीवाना एंड म्यूजिकल ग्रुप गोरखपुरिया के द्वारा माता रानी का जागरण किया गया जिसमें पटना और उत्तराखंड से आए कलाकारो ने माता रानी के सुंदर-सुंदर भजन गाए और झांकियां दिखाई गई। पूरी रात माता के जगराते का भक्तों ने आनंद लिया सुबह की पावन बेला में तारा रानी की कथा सुनाकर कलाकारों ने आरती करके महामाई के जगराते का समापन किया महामाई के जगराते में क्षेत्र के हजारों लोगो ने आनंद लिया। इसके बाद जगराते के समापन होने के पश्चात महामाई के विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। नवयुवक जन सेवा कमेटी बांकेगंज खीरी के महावीर प्रसाद जिंदल राजेंद्र प्रसाद माहेश्वरी कृष्ण किशोर मिश्रा दिनेश कुमार शर्मा महेंद्र माहेश्वरी संतोष सक्सेना वेद प्रकाश गुप्ता आशीष माहेश्वरी अंकुर ठाकुर बसंत महेश्वरी सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन चौकी प्रभारी श्री कृष्ण पाल एवं पुलिस बल के जवान महामाई के जगराते में उपस्थित है।

### चोरी की घटना के दो दिन बीतने के बाद भी मैलानी पुलिस चोरों के बारे में नहीं लगा पाई कोई सुराग

**मैलानी खीरी।** कस्बा मैलानी में शनिवार की रात हुई सर्राफा व्यापारी के यहां चोरी मे चोर साढे तीन लाख रुपये के सोने एवं चांदी आभूषण सहित दुकान के सीसी कैमरो का डीवीआर चोरी कर ले गये थे,पड़ोस की किराना व्यापारी के यहां ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था वही थोड़ी दूर पर स्थित देसी शराब की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखी नगदी एवं वायरलेस कैमरा उखाड़ कर ले गए थे,घटना के दो दिन बीतने के बाद भी मैलानी पुलिस चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा पाई है।हालांकि पुलिस अधिकारी जल्द खुलासे की बात कह रहे हैं।देर शाम मैलानी पहुंचे एडिशनल एसपी नेपाल सिंह ने चोरी की घटना वाली जगह का मौका मुआयना कर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार गंगवार को चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा करने का आदेश दिया है।शनिवार की रात चोरों ने मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम जवाहरपुर निवासी सचिन सोनी की मैलानी कस्बे के मैन रोड स्थित आर एस ज्वेलरी की दुकान,नरेश यादव की पलिया रोड स्थित ठेका देशी शराब की दुकान सहित कृष्ण अग्रवाल की किराने की दुकान को निशाना बनाया था जिसमें चोर दो दुकानों पर ही चोरी करने में कामयाब हो पाये थे एवं किराने की दुकान के केवल ताले ही तोड़ पाए थे, 21 दिन पहले बीती 30 सितंबर कस्बे में पांच दुकानों का ताला तोड़ दिया गया था,1 महीने के अंदर दूसरी घटना होने से कस्बे के व्यापारियों का मैलानी पुलिस के प्रति आक्रोश फैला हुआ है।घटना का निरीक्षण करने आए पुलिस क्षेत्राधिकार लखीमपुर सदर संदीप सिंह को कस्बे के व्यापार मंडल पदाधिकारी ने पुलिस द्वारा बरती जा रही लापरवाही से संबंधित एक ज्ञापन युवा भाजपा नेता भवानी शंकर माहेश्वरी के नेतृत्व में दिया था।थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि सीसी फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्धों को पकड़ा गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा,कस्बे में रात्रि गस्त बढ़ा दी गई है।



### भीरा पुलिस के हत्थे चढ़ा नशीली दवाइयों का धंधेबाज, एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज केस

जामा-तलाशी के दौरान आरोपी के पास 136 ग्राम नशीला पाउडर के साथ नाजायज असलहा व कारतूस भी किया बरामद!

भीरा-खीरी। नशीली दवाइयों का सेवन कई लोग कर रहे हैं इन दवाइयों की तरफ ज्यादा रुझान युवाओं का है प्रतिबंध के बावजूद ऐसी दवा युवाओं तक पहुंच जाती है ऐसी दवाइयों के सप्लायर को मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक चेतन तोमर व भीरा पुलिस बल ने कड़ी घेराबंदी कर धर-दबोचा है जमा तलाशी के दौरान आरोपी के पास नशीली दवा के साथ नाजायज असलहा व कारतूस भी बरामद किया गया कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर युवक ने अपना नाम व पता नीरज पटवा पुत्र श्याम मनोहर निवासी ग्राम गुलरिया थाना भीरा जनपद खीरी बताया आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों एवं अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, परिवहन/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भीरा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त नीरज पटवा पुत्र श्याम मनोहर निवासी ग्राम गुलरिया थाना भीरा जनपद खीरी को एक थैले मे 136 ग्राम अल्प्राजोलम नशीला पाउडर अवैध व नाजायज़ असलहा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार आरोपित पर सम्बन्धित धाराओं में स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज आरोपी नीरज पटवा को माननीय न्यायालय के समक्ष सुपर्द किया गया जहा से बाद में आरोपी को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष भीरा निराला तिवारी के नेतृत्व में आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0 नि0 चेतन तोमर, उ0 नि0 राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,हे0 का0 कुलदीप कुमार, हे0 का0 राजू वर्मा, हे0 का0 शिव कुमार गंगवार, आ0 मोहित कुमार शामिल रहे। इस बाबत मे जब उप निरीक्षक चेतन तोमर से उक्त गिरफ्तारी मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को हिरासत में लिया गया जामा-तलाशी के दौरान नशीला पाउडर के साथ अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## महेश शर्मा लगातार दूसरी बार बने लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष

**विवेक जैन।**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** बागपत नगर के वात्सायन पैलेस में लायंस क्लब बागपत डी 321 सी 1 के अध्यक्ष और उनके निदेशक मण्ड्ल का अधिष्ठापन समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। वर्ष 2023-24 के अधिष्ठापन समारोह में महेश शर्मा को लगातार दूसरी बार लायंस क्लब बागपत का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर लायंस क्लब बागपत के दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये महेश शर्मा ने कहा कि क्लब ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें जो दूसरी बार अध्यक्ष बनाया है, वह उस पर एकदम खरा उतरेंगे और लायंस क्लब बागपत को ओर भी ऊंचाईयों पर ले जाने का काम करेंगे। लायंस क्लब बागपत द्वारा अधिष्ठापन समारोह में मण्ड्लाध्यक्ष पंकज विजलवान, अन्तराष्ट्रीय निदेशक विनय मित्तल, पूर्व मण्ड्लाध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल, पूर्व मण्ड्लाध्यक्ष आलोक भटनागर, उप मण्ड्लाध्यक्ष प्रथम एके मित्तल, पूर्व मण्ड्लाध्यक्ष अरविन्द संगल, पूर्व मण्ड्लाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, उप मण्ड्लाध्यक्ष द्वितीय विनय सिसोदिया, रीजन चेयरमैन संदीप गोयल, जोन चेयरमैन एमजेएफ गजेन्द्र बली को आमंत्रित किया गया था। अधिष्ठापन समारोह में मंच का संचालन वाईपी सागवान और यमुना इंटर कॉलिज बागपत के पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रमुख समाज सेवी जयपाल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी राजपाल शर्मा वात्सायन पैलेस वाले, समाजसेवी सुनील मित्तल बड़ौत, कार्यक्रम चेयरमैन वेद प्रकाश भारद्वाज, कार्यक्रम उप चेयरमैन विपिन यादव, सचिव विजयपाल यादव, कोषाध्यक्ष प्रमोद प्रकाश शर्मा, कार्यक्रम संयोजन एमजेएफ डॉ सुरेश कौशिक, कार्यक्रम सह संयोजक हाजी यासीन, नेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, अनिल वशिष्ट पावला बेगमाबाद, प्रधान श्रद्धानन्द त्यागी पदड़ा, विजयपाल सिंह तोमर एड्वोकेट, राधेश्याम शर्मा, दीपक गुप्ता पेट्रोल पम्प वाले, राजकुमार शर्मा शिक्षक, मास्टर बशीर अहमद, प्रवीन गुप्ता बड़ौत, प्रमुख समाजसेवी दीपक गोयल टटीरी, अरविन्द गोयल, एड्वोकेट जेपी गुप्ता, गौरव गोयल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

### रेली के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान



**संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत कोरैया में कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति के द्वारा एक रैली निकाली गई जिसमें वर्तमान समय में दिन पर दिन बढ़ रहे डेंगू,मलेरिया टायफाइड आदि के बारे में बताया गया।जहां कहीं भी नालियों में भरा हुआ पानी था वहाँ पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया साथ ही उसके सफाई के महत्व को समझाया गया।गन्दगी फैलाओगे,बीमारी बुलाओगे,अपनी मेहनत की कमाई, डॉक्टर पर लुटाओगे।रेली में छोटे, बड़े एवम बुजुर्गो ने सहयोग कर रैली को सफल बनाने में भूमिका निभाई।समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा के साथ उपाध्याय मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा ,सचिव विनय वर्मा ,सदस्य राधा कृष्ण वर्मा, योगेश, विकास,एवम कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा श्री अनुपम वर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति के साथ साथ ग्रामीण वासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।अंत में बच्चों द्वारा बनाये गए पोस्टर का मूल्यांकन किया गया जिसमें प्रथम स्थान सुधीर कुमार, द्वितीय प्राची तथा रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी बच्चों को पुरुस्कार वितरित कर उनका मनोबल बढाया गया ,पुरुस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

## प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने लगायी माता की भव्य चौकी

### ग्रहस्थ जीवन में रहकर भी परमात्मा का ध्यान कर दूर की जा सकती है अनेकों समस्याएं - छोटेलाल भाई

**शारदीय नवरात्रों में बुराईयों को त्यागने और अच्छाईयों को धारण करने का ले संकल्प - गीता दीदी।**

**विवेक जैन।**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** बागपत नगर के ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शारदीय नवरात्रों के पवित्र व पावन पर्व को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बागपत नगर के मुन्नालाल एन्क्लेव में माता रानी की भव्य चौकी का आयोजन किया गया। बागपत के प्रमुख समाजसेवी जगदीश अरोड़ा उर्फ मंगली भाई के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रहमाकुमारी बहनों द्वारा माता का भव्य दरबार सजाया गया। इस अवसर पर उड़ीसा से आये भजन गायक ने माता रानी के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किये। माउंट आबू हेडक्वार्टर से पधारे छोटेलाल भाई जी ने श्रद्धालुओं को जीवन को खुशहाली से जीने की कला सिखाई और सभी को बताया कि हम कैसे ग्रहस्थ जीवन में रहकर भी परमात्मा का ध्यान कर सकते है और अनेकों समस्याओं से मुक्त हो सकते है। कोर्ट रोड भजन बिहार गली नंबर 6 स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जिला बागपत की प्रभारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी द्वारा मां की शक्ति से श्रद्धालुओं को अवगत कराया और बुराईयों को त्यागने और अच्छाईयों को धारण करने की बात कही। गीता दीदी ने मां के दरबार में आये विशेष अतिथियों को पगड़ी और पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नृत्य और नाटिकाओं का मंचन किया गया। इस अवसर पर नन्द लाल डोगरा, उदय सिंह चौहान, पल्लवी दीदी, सरिता दीदी, जगदीश अरोड़ा उर्फ मंगली, सोनू, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित अनेकों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## बरवर में होने वाली बरौसी पूजा गंगा जमुनी सभ्यता की बनी मिशाल

**संवाददाता**

**बरवर खीरी।** शारदीय नवरात्र पर बरवर में होने वाली बरौसी पूजा गंगा जमुनी सभ्यता की मिशाल बनी हुई है।सौ वर्षो से भी ज्यादा पुरानी परम्परा में पांच किलोमीटर की बरोसी परिक्रमा होती है।मां भगवती के जयकारों में धर्म संप्रदाय को भुलाकर हर व्यक्ति जय माता दी के जयकारे लगा मां की ममतामयी भक्ती में डूबा नजर आता है।कई वर्ष पूर्व कस्बा बरवर में फैली भयंकर बीमारियों के बढ़ रहे संक्रमण के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित शाति स्वरूप ने सभी समुदाय के लोगों कों एकजुट कर देवीस्थान परिसर में हवन पूजन करने के साथ ही बरौसी यात्रा निकाली थी। जिसके बाद यह प्रथा वहां के लिए वरदान बन गई। इस परंपरा में एक युवक मिट्टी के बर्तन में जलती हुई आग अपने सिर पर रखकर पूरे कस्बा की सीमा पर दौड़ता है उसके पीछे श्रद्धालुओं का जत्था जयकारे लगाते हुए चलता है। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान अष्टभुजा दुर्गा माता मंदिर परिसर में विशाल हवन पूजन होता है। बरवर नगर में नवरात्रि के समापन पर होने बाली ऐतिहासिक पूजा है। इस पूजा में क्षेत्र सहित आस पड़ोस के जनपद से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूजा में इस दौरान पूरे नगर बरबर के बाहर बाहर निकलती है बरोसी यात्रा सुरक्षा की दृष्टि पसगवां कोतवाली प्रभारी सहित बरवर चौकी इंचार्ज सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी लगे रहे ।

## मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) के अंतर्गत थाना शारदानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय क्षेत्रान्तर्गत कार्यक्रम दुर्गापूजा पंडाल ग्राम भरतपुर में ÷कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण÷ व %शक्ति दीदी% के अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलम्बन, जागरुकता एवं सामुदायिक पहुँच हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया।उ0 प्र0शासन की मंशा के अनुरूप बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-04) के अंतर्गत ÷कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण÷ व %शक्ति दीदी% के अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलम्बन, जागरुकता एवं सामुदायिक पहुँच हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शारदानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय क्षेत्रान्तर्गत कार्यक्रम दुर्गापूजा पंडाल ग्राम भरतपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे बालिकाओं महिलाओं को जागरूक करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 -मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।इसके साथ ही थाना शारदानगर की महिला बीट आरक्षियों एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/कस्बों/बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/प्रमुख चौराहों/ प्रमुख बाजारों/मन्दिर/शिवालयों आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है तथा उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता कर संदिग्धों की चेकिंग कर आवश्यक हिदायत जा रही है। साथ ही थाना शारदानगर पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर बालिकाओं/महिलाओं की गोष्ठी करके उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

### जेसीआई लखीमपुर खीरी के जेसी स्टार मेंबर चयनित

**संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जेसीआई लखीमपुर खीरी के जेसी सचिन अग्रवाल, मीता गर्ग और शुभम टंडन विगत माहों के लिए स्टार मेंबर के रूप चुने गए।जेसीआई लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्त और सचिव कुमार उत्कर्ष द्वारा विगत माहों मे सर्वोत्तम सक्रियता, सहयोग और योगदान के लिए चयनित स्टार मेंबर सदस्यों का नाम पूर्व मंडलाध्यक्ष जेसी राम मोहन गुप्त द्वारा डिजिटल मंचों पर घोषित किया गया। जिसके आधार पर जुलाई माह के लिए जेसी सचिन अग्रवाल, अगस्त माह के लिए मीता गर्ग और सितंबर माह के लिए शुभम टंडन को स्टार मेंबर चुना गया।उपरोक्त सदस्यों के स्टार मेंबर चयनित किए जाने पर जेसी परिवार द्वारा हार्दिक बधाईयां देते हुए भविष्य हित उत्तरोत्तर सफलताओं की कामना की गई है।


### रेलवे ट्रैक पर मिला समधी-समधन का शव

**मैगलगंज।** एक माह से गायब चल रहे मैगलगंज और पसगवां थाना क्षेत्र निवासी समधी-समधन का क्षत-विक्षत शव हरदोई जिले की सीमा में पिहानी मोड़ के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। बताया गया कि प्रेम-प्रसंग में दोनों एक माह पहले घर से चले गए थे। उधर, मृतकों के परिजन लोकलाज के चलते ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। रविवार की सुबह हरदोई के पिहानी कोतवाली की जहानीखेड़ा चौकी क्षेत्र में पिहानी मोड़ के पास रेलवे लाइन पर एक युवक-युवती का क्षत-विक्षत शव पड़ा पाया गया। सूचना पर जहानीखेड़ा चौकी प्रभारी रामानंद मिश्रा मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। मृतकों की शिनाख्त पसगवां थाने के सोहैना निवासी 40 वर्षीय रामनिवास और मैगलगंज के मुबारकपुर में रहने वाली आशारानी के रूप में हुई। शव मिलने के सूचना पर परिजन पहुंचे तो पता चला कि मृतक आपस में समधी-समधन थे।







# बेटी लाने बरात लेकर गए पिता ने पेश की मिसाल



प्रेम गुप्ता ने ससुराल में प्रताड़ित बेटी को धूमधाम से अपने घर लाकर एक मिसाल पेश की है, क्योंकि बेटियों को भी सुख से जीने का हक है। यह बीते पंद्रह अक्तूबर की बात है। रांची (झारखंड) के कैलाश नगर की कुम्हार टोली में रहने वाले प्रेम गुप्ता अपनी बेटी की ससुराल बरात लेकर पहुंचे। ढोल-ताशे बज रहे थे। लड़की पक्ष की ओर से बहुत-से रिश्तेदार भी मौजूद थे, क्योंकि ससुराल वाले प्रेम गुप्ता की बेटी को बहुत तंग करते थे। बताया जाता है कि उसके पति ने पहले से ही दो शादियां कर रखी थीं। पिता ने सोचा कि अगर ऐसी जगह बेटी रही, तो उसका जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। इसलिए वह खूब धूमधाम से बेटी को विदा करा लाए। आम तौर पर हमारे समाज में अब भी अगर बेटी को ससुराल वाले बहुत ज्यादा प्रताड़ित करते हैं, तो भी उसे रिश्ते निभाने की सलाह दी जाती है। बार-बार उन्हें कह कहकर डराया जाता है कि %लोग क्या कहेंगे% ! जो समाज इन लड़कियों के लिए कुछ भी नहीं करता, उसका डर इतना ज्यादा होता है कि लड़कियां या तो घुट-घुटकर जीने को मजबूर होती हैं या हर तरह की आफतों को झेलती हुई थक-हारकर एक दिन अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेती है या कोई दूसरा ही उनकी जान ले लेता है। समाज की परवाह किए बिना कोई पिता ससुराल में प्रताड़ित बेटी को वापस विदा कराकर अपने घर ले आए- ऐसी घटना विरल है। अन्यथा लड़की अगर ससुराल वापस आ गई, तो ससुराल में उसके साथ हो रही प्रताड़ना को सामाजिक तानों की वजह से अक्सर छिपाया जाता है। इस घटना से संबंधित जो वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था, उसमें लिखा था-बड़े अरमान और धूमधाम से लोग अपनी बेटियों की शादी करते हैं, लेकिन यदि जीवनसाथी और परिवार गलत निकलता है या गलत काम करता है, तो आपको अपनी बेटी को आदर और सम्मान के साथ घर वापस लाना चाहिए, क्योंकि बेटियां बहुत अनमोल होती हैं। यह बिल्कुल सच है। आखिर बेटियों को जन्म देने, पालने-पोसने, शिक्षित करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने, फिर उनका विवाह करने में उतना ही परिश्रम लगता है, जितना कि बेटों को पालने और बड़ा करने में। ऐसे में अगर किसी गलत घर में या गलत व्यक्ति से बेटी की शादी हो जाए, तो माता-पिता को उससे मुंह क्यों मोड़ना चाहिए। भला समाज के डर से बेटी की कुर्बानी क्यों दी जाए? प्रेम गुप्ता ने भी अपनी बेटी साक्षी का विवाह 28 अप्रैल, 2022 को बहुत धूमधाम से सचिन नाम के युवक से किया था, जो झारखंड बिजली विभाग में सहायक अभियंता है। लेकिन माता-पिता को क्या पता था कि जिस इंजीनियर के हाथों में अपनी बेटी का भविष्य सौंप रहे हैं, वह उनकी बेटी की मुश्किलों को दूर करना तो छोड़िए, उन्हें और अधिक बढ़ाएगा। ससुराल में बेटी की प्रताड़ना की बातें जानकर अक्सर माता-पिता लोक-लाज के डर से आंसू बहाते हुए चुप बैठ जाते हैं या बेटी को समझौते करने की सलाह देते हैं। लेकिन प्रेम गुप्ता चुप बैठने वालों में से नहीं थे। उन्होंने सामाजिक तानों की परवाह किए बिना न सिर्फ अपने रिश्तेदारों को इसके बारे में बताया, बल्कि बरात में बेटी की ससुराल चलने के लिए भी आमंत्रित किया। अच्छी बात रही कि उनके रिश्तेदार भी उनके साथ खड़े थे। आखिरकार बिटिया हंसती-मुस्कराती अपने घर वापस आ गई। उसे अब और आंसू नहीं बहाने पड़ेंगे। पिता प्रेम गुप्ता का यह निर्णय बहुत साहसिक है। तब तो और, जब नवरात्रि के अवसर पर हम बेटियों के पांव पूजते हैं, उन्हें पूरी-पकवान खिलाते हैं। यानी उनके जीवन में किसी तरह की मुश्किलें न आएं, इसकी कामना करते हैं। यही प्रेम गुप्ता ने किया। उन्होंने अपनी बेटी के जीवन में जो दुख के कारक थे, उसे दूर किया और अपने घर में उसका स्वागत किया, न कि पराया धन समझा। यदि सभी माता-पिता इसी तरह सोचें, अपनी बेटियों के दुख को समझें, तो शायद ही कोई बेटी आत्महत्या करने पर मजबूर होगी। फिर जीवन उसे बोझ नहीं लगेगा। प्रेम गुप्ता ने समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। हमें अपनी बेटियों को भार समझना बंद करना चाहिए। बेटियों को भी जीने का उतना ही हक है, जितना किसी अन्य को। यदि शादी नहीं चली, तो इसमें बेटियों का क्या दोष? एक राह बंद होने पर दूसरे दरवाजे भी खुलते हैं। अंग्रेजी में एक कहावत है-देअर इज ऑलवेज ए वे इन एवरी इमर्जेंसी।

## भारतीय सामाजिक विज्ञान को रचनात्मक बनाने के लिए अध्ययन में मानवीय संवेदना की जरूरत



देश में भारतीय किस्म का एक सहज एवं उदार सामाजिक ज्ञान विकसित करने की हमें जरूरत है। इसे रचनात्मक सामाजिक विज्ञान में तब्दील करने के लिए आवश्यक है कि इसमें मानवीय संवेदना के तत्व शामिल हों, जिसमें साहित्य उपयोगी होगा। भारत में सामाजिक ज्ञान के शास्त्र को समाज विज्ञान कहते हैं। हमारे यहां सामाजिक ज्ञान की यह विधा औपनिवेशिक ज्ञान की पद्धतियों एवं परिप्रेक्ष्यों के तहत विकसित हुई है। इसके कारण यह एक प्रकार की उदासीन शुष्कता का शिकार है। इसमें जिस समाज को समझने का दावा है, उसके प्रति संवेदना की मात्रा न्यूनतम है। इस समस्या को समझते हुए %राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020% संवेदना युक्त सरल, सहज सामाजिक ज्ञान की परिकल्पना करते हुए अंतः अनुशासनिकता एवं बहु अनुशासनिकता पर जोर तो देती ही है। साथ, ही उदार कला एवं सहज बहुमुखी सामाजिक ज्ञान को विकसित करने के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी एवं 'लिबरल' कला एवं 'लिबरल' अध्ययन को प्रोत्साहित करने का सुझाव भी देती है। एक तो इसमें विज्ञान, तकनीकी एवं प्रबंधन की शिक्षा को 'लिबरल' स्टडीज से जोड़ने का सुझाव दिया गया है, दूसरे भारतीय विश्वविद्यालयों में सामाजिक विज्ञान की शिक्षा एवं शोध को एक प्रकार से सहज, जीवनोन्मुखी, समाज सापेक्ष एवं रचनात्मक बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है। इन सुझावों के आधार पर अनेक आईआईटी एवं आईआईएम ने अपने यहां 'लिबरल' स्टडीज या 'लिबरल' आर्ट्स का कोर्स शुरू कर दिया है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में हालांकि परिवर्तन की यह गति अभी धीमी है। विश्वविद्यालयों में लोगों से बातचीत करते हुए मुझे बार-बार ऐसा लगता है कि सामाजिक ज्ञान के इस 'लिबरल' स्वरूप को समझने में हमें कहीं दिक्कत हो रही है। निजी क्षेत्र में भी अनेक विश्वविद्यालयों ने पहल करते हुए अपने यहां 'लिबरल' स्टडीज के कोर्स विकसित एवं लागू किए हैं। लेकिन उनकी समस्या दरअसल यह है कि उनके पाठ्यक्रम ज्यादातर पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों से प्रभावित हैं। जबकि संवेदना से युक्त ऐसे सामाजिक अध्ययन के पठन-पाठन एवं शोध की परंपरा शुरू करने की आवश्यकता है, जो भारतीय जमीन एवं संवेदनात्मक परिवेश से जुड़ी हो। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पहल करते हुए संवेदनायुक्त अंतर्विषयक एवं उदार सामाजिक ज्ञान की एक मॉडल रूपरेखा विकसित करनी होगी। 'लिबरल' स्टडीज पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों में एक बहुत ही लोकप्रिय कोर्स है, किंतु ज्ञान का यह अनुषंग वहां मूलतः पश्चिमी समाजों के अनुभवों एवं वहां उपजे सिद्धांतों पर आधारित है। यह जानना रोचक है कि 'लिबरल' स्टडीज का आधार मूलतः भारतीय गुरुकुल पद्धतियों में पाया जा सकता है, जहां ज्ञान की अवधारणा में परंपरा, संस्कृति, मूल्य, तकनीकी, तर्क, शास्त्र, विवेचना, निरुक्त सब कुछ शामिल थे। लेकिन औपनिवेशिक शिक्षा के प्रभाव में हमारा सामाजिक विज्ञान अत्याधिक सकारात्मकता का शिकार हो संवेदना से कट गया एवं अत्यधिक विशिष्टता के प्रभाव में आकर अनुशासनिक कट्टरता का शिकार हुआ। भारत में सामाजिक ज्ञान को संवेदना से जोड़ने के लिए बहुत जरूरी है कि उसे साहित्य से जोड़ा जाए। देश में हमारी जो ज्ञान परंपरा रही है, उसमें साहित्य का बहुत महत्व रहा है, लेकिन पश्चिमी पॉजिटिविज्म के प्रभाव में देश में जो समाज विज्ञान औपनिवेशिक विश्वविद्यालयों में विकसित हुआ, उसमें साहित्य एवं संवेदना की भूमिका लगातार नगण्य होती गई। हमने सामाजिक विज्ञान के शिक्षण एवं शोध को धीरे-धीरे साहित्य से काट दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि हम सिर्फ मात्रात्मक आंकड़ों एवं गुणात्मक सहभागी पर्यवेक्षणों के माध्यम से ही समाज को देखने और समझने लगे। भारतीय सामाजिक विज्ञान में हिंदी क्षेत्र के ग्राम समाजों एवं उनमें निरंतर हो रहे परिवर्तनों को समझने में कथा सम्राट प्रेमचंद के लेखन का उपयोग तो किया ही जाना चाहिए। स्वतंत्रता के बाद के भारतीय ग्राम समाज, जनतांत्रिक राज्य के निर्माण एवं बदलती राजनीति को समझने के लिए हिंदी में छपे खासकर तीन उपन्यास बेहद महत्वपूर्ण पाठ साबित हो सकते हैं। इनमें पहला है फणीश्वरनाथ रेणु का उपन्यास मैला आंचल, दूसरा है श्रीलाल शुक्ल का उपन्यास राग दरबारी एवं तीसरा है अखिलेश का उपन्यास निर्वासन। ये तीनों अत्यंत महत्वपूर्ण उपन्यास हैं। इन तीनों को जोड़कर अगर सामाजिक पाठ किया जाए, तो वर्ष 1950 से लेकर 2010 के आसपास तक के समाज में परिवर्तन के सामाजिक इतिहास को बखूबी समझा जा सकता है। इनके क्रमिक पाठ से हमारे शोधार्थी एवं छात्र भारतीय समाज के विकास के संवेदनापरक ज्ञान से भी जुड़ सकते हैं। ये तीनों उपन्यास हिंदी पट्टी में हो रहे समाज परिवर्तनों का संवेदनापरक दस्तावेजीकरण तो खैर हैं ही। उदाहरण के लिए, मैला आंचल एवं राग दरबारी से वर्ष 1950 के बाद से बीती सदी के आठवें दशक तक के सामाजिक परिवर्तनों को, एवं अखिलेश के उपन्यास निर्वासन से बीती सदी के अंतिम के दशक के बाद के सामाजिक समय को समझा जा सकता है। निर्वासन से बदलते समाज, राज्य, एवं नई पीढ़ी के निर्माण की प्रायः न दिखाई पड़ने वाली सुक्ष्म प्रक्रियाओं को भी बखूबी समझा जा सकता है। समाजिक ज्ञान की 'लिबरल' स्टडीज में साहित्यिक पाठ एक तो विकास एवं परिवर्तन पर अदृश्य एवं अबोलती जन प्रतिक्रियाओं को समझने में मदद करते हैं, साथ ही, इन प्रक्रियाओं से समाज में संवेदनात्मक परिवर्तनों, मोड़ों एवं लगातार होते रहने वाले क्षरण एवं निर्माण को भी अच्छी तरह से समझा जा सकता है। साहित्य के साथ लोक संस्कृतियों से जुड़ी लोककथाएं, लोकगीत, मुहावरे एवं मसले भी भारतीय समाज विज्ञान को संवेदना से जोड़ने में हमारी मदद कर सकते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनेक पाठों एवं विमर्शों को भी इसमें शामिल करने की आवश्यकता है। अगर इस संपूर्ण बहस का सार संक्षेप करूं, तो मैं यह कहना चाहूंगा कि भारतीय सामाजिक विज्ञान को रचनात्मक सामाजिक विज्ञान में तब्दील होने की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी है कि भारतीय सामाजिक अध्ययन में मानवीय संवेदना के तत्व शामिल हों। भारतीय 'लिबरल' एवं सामाजिक विज्ञान के विकास के लिए जरूरी है कि साहित्य, लोककथाएं एवं मौखिक परंपराएं तथा अन्य सामाजिक समूहों यथा दलित, महिला, युवा की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी इसमें शामिल किया जाए। भारत में भारतीय किस्म का एक सहज एवं उदार सामाजिक ज्ञान विकसित करने की हमें निश्चय ही जरूरत है।

# कन्या-पूजन नहीं बेटियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने की जरूरत



-प्रियंका सौरभ

नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लाएं, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है %नौ रातें%। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है क्योंकि इसे पितृसत्तात्मक उत्पीड़न के एक सक्रिय उपकरण के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है। अन्य संस्कृतियों और पौराणिक कथाओं में भी कुछ सबसे प्रमुख देवी माताएँ रही हैं और आदर्श मातृत्व के जीवन के प्रतीक हैं - उदाहरण के लिए, मिस्र के आइसिस, ग्रीक डेमेटर या कैथोलिक धर्म में, मैरी?यीशु की माँ के रूप में। लेकिन किसी अन्य संस्कृति में छोटी लड़कियों को देवी के रूप में नहीं पूजा जाता जैसा कि भारत में किया जाता है। कई पश्चिमी नारीवादी और विश्व स्तर पर बहुत सारी महिलाएं हिंदू देवी-देवताओं को प्रेरणादायक और आंतरिक शक्ति प्रदान करने वाली मानती हैं। नवरात्रों में भारत में कन्याओं को देवी तुल्य मानकर पूजा जाता है। पर कुछ लोग नवरात्रि के बाद यह सब भूल जाते हैं। कई जगह कन्याओं का शोषण होता है और उनका अपमान किया जाता है। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन जिन छोटी-छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों की पूजा की जाती है, उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार और भेदभाव किया जाता है। ऐसे कई देवी मंदिर हैं जहां रजस्वला महिलाओं या कथित निचली जाति की महिलाओं को प्रवेश करने की भी मनाही है, देवी के बहुत सारे पूजा स्थल हैं जहां केवल पुरुषों को आंतरिक गर्भगृह में जाने की अनुमति है और महिलाओं को नहीं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन कंजक या कन्या के रूप में पूजी जाने वाली छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों को अक्सर बाकी दिनों के लिए लड़कियों के रूप में जन्म लेने के लिए गाली दी जाती है, उनके साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें %अपवित्र% माना जाता है। मासिक धर्म शुरू होने के बाद उनकी पूजा की जानी चाहिए। आज भी भारत में बहूत सारे गांवों में कन्या के जन्म पर दुःख मनाया जाता है। कन्याओं और महिलाओं के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देवी तुल्य कन्याओं का सम्मान करें। इनका आदर करना ईश्वर की पूजा करने जितना ही पुण्य प्राप्त होता है। शास्त्रों में भी लिखा है कि जिस घर में स्त्रियों का सम्मान किया जाता है वहां भगवान खुद वास करते हैं। बदलते दौर में देवी की समकालीन समझ की आवश्यकता है, यह देवी की अवधारणा में विविधता लाने का समय है। कुछ साल पहले, टैप रूट इंडिया ने एक अभियान विकसित किया जिसमें तीन मुख्य हिंदू देवियों - दुर्गा, सरस्वती, और लक्ष्मी की छवियों को प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उनके चेहरे पर चोट और चोट के निशान थे जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा का संकेत देते थे। अब समय आ गया है, हो सकता है कि देवी से संबंधित इन सभी प्रतीकों को वर्तमान वातावरण के अनुरूप फिर से कल्पना करने की आवश्यकता हो और छाती ठोकने वाली ÷जय माता दी, माता की जय÷ की देवी पूजा को यदि प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है तो इसका लड़कियों और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अधिक सम्मान करने की आवश्यकता है। आज जब सभी देशवासी भारत की संस्कृति का गौरवमय त्यौहार कन्या पूजन करने की तैयारी में हैं तो उनसे यह निवेदन और प्रश्न भी है कि आखिर जहां कन्या की सम्मानजनक स्थिति बने रहे, ऐसा समाज बनाने के लिए क्यों कुछ नहीं करते? केवल पुलिस के डंडों से नैतिकता नहीं संवरती, उसके लिए नैतिक प्रयास भी करने होंगे। इसके साथ ही आरक्षण द्वारा कुछ महिलाओं को पंचायत, निगमों या भविष्य में संसद या विधानसभाओं में भेजने पर भी महिलाएं तब तक सशक्त नहीं हो सकतीं, जब तक समाज में स्वस्थ वातावरण नहीं होगा। बहुत से घरों में लड़कियों को वह स्थान और सम्मान नहीं जो परिवार के बेटों को है। हमारे समाज के कुछ प्रमुख व्यक्ति और राजनीतिक नेता भी केवल कागजी भाषण देने में तो शेर है, पर घर के अंदर प्रवेश करते ही या भूल जाते हैं कि बाहर महिला अधिकार के लिए क्या-क्या भाषण देकर आए हैं? कितना अफसोस है कि जो संविधान महिला को राष्ट्रपति बना सकता है वह किसी मंदिर की मुखिया नहीं बना सकता। आज भी कुछ मंदिर ऐसे हैं जहाँ महिलाओं को प्रवेश नहीं करने दिया जाता। परिवार के मुखिया पुरुष की मृत्यु के समय पगड़ी बेटियों के सिर पर रख दी जाती है। जब महिला की मृत्यु होती है उसकी बेटियां या बहू ऐसा अधिकार नहीं रखती जो बेटे या पति को रहता है। बहुत से समुदाय में तो बिरादरी में बाँधी जा रही पगड़ी को महिलाएं हाथ भी नहीं लगा सकती। देश के समाचार पत्रों में, टीवी चैनलों की खबरों के बुलेटिन के साथ एक दिन भी ऐसा नहीं जाता जब देश के किसी न किसी भाग में बालिग अथवा नाबालिग के साथ दुराचार का समाचार न मिले। समाचार मिलता है कि एक युवती का अपहरण हुआ और कार में ही उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद सड़क पर फेंक गए। इन समाचारों के अधिक उदाहरण देना आवश्यक नहीं, क्योंकि दुर्भाग्य से हमें प्रतिदिन यही सुनना और देखना पड़ता है। कन्या पूजन के साथ हमें यह संकल्प लेना होगा कि जिस लड़की की हम पूजा कर रहे हैं मंदिर की पुजारी क्यों नहीं बन सकती? कम से कम जो देवियों के मंदिर है वहां की पूजा तो महिलाएं करें। इसमें तर्क भी है समाज सोचे तो सही? मंदिर के अध्यक्ष क्यों नहीं बन सकती? ढोलक बजा सकती है, लंगर पका सकती है। लेकिन कुछ विशेष मंदिरों में उसी देव मूर्ति के दर्शन नहीं कर सकती जिनके गीत गाकर वो गला फाड़ लेती है या उनके लिए खाना बना कर भोग लगाती है। याद रखना होगा कि समाज को तो मानसिकता बदलनी है ही पर पहले महिलाओं को मानसिकता बदलनी होगी। नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। नौ दिनों तक नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना होती है। कहते हैं कि जिस घर में माता की पूजा होता है, वह सुख-समृद्धि बनी रहती है। देवी पूजा महज माता की प्रतिमा की पूजा मात्र नहीं है, बल्कि यह पर्व मां, बहन, बेटी और समाज की हर नारी के सम्मान का पर्व है। ऐसे में सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, महिलाओं का भी सम्मान करें। अगर आप देवी पूजा करते हैं तो महज नवरात्रि के मौके पर नहीं बल्कि महिलाओं के प्रति आदर सदैव बनाए रखें। इन नवरात्रि देवी के सामने महिला सम्मान का संकल्प लें और अपने आचरण में कुछ बदलाव लाएं, ताकि मां, बेटी और समाज की हर नारी सुरक्षित व सम्मानित महसूस कर सके।

# रावण हीरो, देव खलनायक

रावण हीरो, देव खलनायक

आनंद नीलकंठन यांनी 'असूर- टेल ऑफ द व्हॅन्किश्ड- द स्टोरी ऑफ रावणा अ?ण्ड हिज पीपल' या कादंबरीत उभा केलेला रावण हा खलनायक नसून साक्षात हीरो आह।

**रावण हीरो, देव खलनायक**

आनंद नीलकंठन यांनी 'असूर- टेल ऑफ द व्हॅन्किश्ड- द स्टोरी ऑफ रावणा अ?ण्ड हिज पीपल' या कादंबरीत उभा केलेला रावण हा खलनायक नसून साक्षात हीरो आहे. ज्या गुणांनी रावणाचा हीरो म्हणून उदय झाला, त्याच गुणांनी तो कसा खलनायक ठरला, त्याची ही पुराणकथा. कोणत्याही चमत्कारांनी न भरलेली. देवत्वाचा अंश नसलेली. खा, प्या, मजा करा, या असूर संस्कृतीची. स्वतःच्या विनाशाची कारणे न शोधता फक्त जगण्याचा स्वैर उपभोग घेणाऱ्यांची. लढायांमध्ये मरणाऱ्यांची. अनतिकतेचा टिपूसही न लागलेल्या गर्भगृहांमध्ये जन्म घेणाऱ्यांची.. आणि घातकी, दहशतवादी, लाचार, व्यभिचारी, बलात्कारी, अप्पलपोटया देवांची.. ब्राह्मण बाप आणि राक्षस कुळातील आईच्या पोटी जन्मलेला रावण दहा विद्या जाणणारा. दहामुखी. म्हणजेच सर्वोत्तम दहा मेंदूंची क्षमता असलेला विद्वान. ब्रह्माचा आवडता शिष्य, युद्ध-कूटनीतिज्ञ, मुत्सद्दी नेता, धूर्त राजकारणी, शत्रूला किंचितही कमी न समजता त्याला नामशेष करणारा योद्धा रावण जेव्हा देवांच्या विरोधात युद्धाची, आपलं राज्य परत मिळवण्याची घोषणा करतो, त्याक्षणी असूरांच्या राजकीय महत्त्वाकांक्षेला धुमारे फुटतात आणि सुरू होतो तडफदार, जिवावर उदार झालेल्या, स्वप्नांच्या लाटांवर आरूढ झालेल्या रावणाच्या सहकारी आणि आप्तजनांचा आत्माविष्कार.. रावण तोंडात चांदीचा चमचा घेऊन जन्मलेला नव्हता. राजा कुबेराचा सावत्र भाऊ म्हणून तो कफल्लक होता. बळाच्या जोरावर कुबेराने स्वतःच्या बापालाही आपल्या टाचेखाली ठेवले होते. त्यामुळे सोन्याच्या लंकेचं काय करायचं, ते सर्व काही कुबेराच्या हाती होतं. त्यामुळे बापाकडे तरी याबद्दल काय दाद मागायची, अशी रावणाची कोंडी. म्हणून मग त्याच्या भावंडांच्या पदरी कुबेराच्या गोठ्यातील गायी सांभाळायची जबाबदारी पडते. सरंजामी वृत्तीच्या कुबेराच्या, गायीही माझ्या आणि दूधही माझं, असा कायदा असतो. त्यामुळे रावण आणि त्याच्या भावंडांच्या नशिबी शेणामुताचीच सोबतसंगत येते. ज्या ठिकाणी चूक होईल, हातून काही आगळीक घडेल, तिथं कुबेराच्या सन्याचा मरेस्तोवर मार खाण्याशिवाय रावण, कुंभकर्ण यांना दुसरं काही मिळतंच नसतं. यातून नेहमी सुटत असतो तो फक्त विभीषण. तो देवांचा परमभक्त असतो। कुबेराच्या सत्तेला किंचितसा तडा जाणारी एक घटना घडते. देव असूरांच्या राज्यावर हल्ला करतात. राज्याच्या वेशीवर एका घरात देव घुसतात. बेभान झालेला एक सनिक झोपलेल्या सहा महिन्यांच्या मुलीला पायाला उचलून गदेसारखं फिरवूर्न भतीवर आपटतो..त्यानंतर बाजूला भीतीनं थरथर कापणाऱ्या मुलीच्या आईवर काहीजण मिळून बलात्कार करतात. हे घर असतं भद्र नावाच्या शुद्राचं. खरं तर भद्र खरा सनिकवृत्तीचा, पण परिस्थिती त्याला छोटे-मोठे व्यवसाय करायला भाग पाडते. भद्र हा कमालीचा स्वामिभक्त। देवांच्या हातून आपली मुलगी आणि पत्नीचं शील गमावल्याचं दुख भद्राच्या इतक्या जिव्हारी लागतं की संतापानं पेटलेला भद्र कुबेराच्या सैन्याच्या मुदपाकखान्यात शिरून त्यांच्या अन्नात विष टाकतो आणि अख्खं सैन्य टाचा घासून मरतं. येथून रावणाच्या विजयी मोहिमांना सुरुवात होते. यानंतर भद्र रावणाच्या प्रत्येक विजयी मोहिमेत सामील होतोच, पण तो ती फत्ते करण्यात कमालीची कामगिरी बजावतो. रावणाला सोन्याची लंका जिंकता येते ती भद्रामुळे। लेखकाने, पुस्तकात रावणाच्या युद्धनीतीचं, भद्राच्या स्वामिनिष्ठेचं रेखीव वर्णन केलं आहे. ही दोन पात्रंच अख्ख्या कादंबरीत असूरांचा विजय, पराभव, त्यांची सुखलोलुप वृत्ती, बेपर्वा यांचं वर्णन करतात। लेखक आनंद नीलकंठन यांनी संपूर्ण पुस्तकात देव राक्षसी वृत्तीचे कसे आहेत, हे सांगितलं आहे. असूर म्हणजे राक्षस नव्हेत. ते सूर नाहीत म्हणून असूर आहेत, असा युक्तीवाद केला आहे. म्हणजे समाजात दोन वर्ग आहेत. एक राज्यकर्ता वर्ग आणि दुसरा सेवेकरी वर्ग. राज्यकर्ता वर्ग राज्यकारभाराच्या दृष्टीने कितीही 'चांगला' असला तरी तो सेवेकरी वर्गाला चांगला वाटेलच असं नाही. म्हणजे सेवेकरी वर्गाला जे काही मिळायला हवं ते राज्यकर्त्यां वर्गामुळे मिळत नाही. म्हणून ते नेहमी राज्यकर्त्यां वर्गाच्या विरोधात असतात, हे सूत्र असूर आणि देवांच्या संघर्षात आहे. नीलकंठन यांनी हे समर्पक भाषेत, प्रत्येक घटनांमधून समजावून सांगितलं आहे. अतिशय रसाळ भाषा, सोपी मांडणी, भावोत्कट प्रसंग नीळकंठन यांनी मोठ्या ताकदीनं पानोपानांत उतरवलं आहेत. म्हणजे रामायण वाचताना जी भावनिक तल्लीनता लागते, तशी बुद्धीच्या पातळीवरील तार्किकता ही कादंबरी वाचताना लागते। फक्त नीळकंठन यांचा या पुस्तकातील एक मुद्दा खटकतो. तो म्हणजे वेळोवेळी देवच कसे वाईट, हे त्यांनी ओढूनताणून वारंवार सांगितलं आहे. म्हणजे जर राम हा अंतिम जेता ठरत असेल तर त्याच्यात काहीतरी प्रबळ असायला हवे, जे रावणापेक्षा अधिक आहे. म्हणूनच तो रावणाचा पाडाव करतो। कादंबरीची सुरुवात रावणाचा प्राण कंठात उतरला आहे आणि त्याचे शरीर कोल्हे खाताहेत, उंदीर पाय कुरतडताहेत, अशी आहे आणि कादंबरीचा शेवट तो भद्रासमोर प्राण सोडतो आहे, असा आहे. म्हणजे सर्वाधिकारी असताना राजा म्हणून ज्याला शूद्र मानलं तो भद्रच उद्धारकर्ता होता, हे रावणाला मृत्यूशय्येवर कळतं, हे चटका लावणारं आहे.

## दशहरा क्यों मनाया जाता है और क्या है इसकी कहानी?

दशहरा प्रमुख हिंदू त्योहारों में से एक है जो शारदीय नवरात्रि के अंत में मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान राम की रावण पर विजय के रूप में मनाया जाता है। दशहरा के पीछे की कहानी भी काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है और इसे विजयदशमी के नाम से जाना जाता है। कई बार परीक्षाओं में दशहरा पर निबंध या प्रश्न पूछे जाते हैं, इसलिए इस ब्लॉग में हम दशहरा क्यों मनाया जाता है और इसकी कहानी जानेंगे। दशहरा भारत में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। उत्तर या पश्चिमी भारत के अधिकांश राज्यों में दशहरा भगवान राम के सम्मान में मनाया जाता है। दशहरे के पीछे की कहानी भगवान राम की रावण पर विजय को दर्शाती है। यह त्योहार हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार अश्विन महीने के 10वें दिन पड़ता है। इस त्योहार के उत्सव में बुराई के विनाश को चिह्नित करने के लिए रावण के पुतले जलाए जाते हैं।

**दशहरा एक शुभ दिन है और इसका पौराणिक महत्व है।**

इस दिन को विजय दशमी या विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

ऐसा माना जाता है कि इसी दिन उग्र देवी दुर्गा ने महिषासुर की दुर्जेय सेना का सामना किया था और उसका विनाश किया था, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती है। रामायण के अनुसार भगवान राम ने रावण का वध कर बुराई पर विजय प्राप्त की। इस दिन को मनाने के लिए लोग विजयादशमी या दशहरा उत्सव मनाते हैं। हर साल नवरात्रि के समापन पर विजयादशमी का त्योहार या दशहरा मनाया जाता है। दशहरा क्यों मनाया जाता है?

**क्यों मनाया जाता है के बारे में यहां बताया गया है:**

दशहरा भगवान राम की रावण पर विजय के रूप में मनाया जाता है। कई स्थानों पर इस दिन बुराई के विनाश का संकेत देने के लिए आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले जलाए जाते हैं। दशहरा या विजयदशमी भगवान राम की विजय और दुर्गा पूजा के रूप या फिर यह शक्ति-पूजा का पर्व है। दशहरा के दिन अपराजिता की पूजा करना भी शुभ माना गया है और यह भी मान्यता है कि दिन अपराजिता की पूजा करने से सालभर हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।

**दशहरा कैसे मनाया जाता है?**

दशहरा पूरे भारत में अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। गांव में दशहरा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। गांव के लोग बड़े ही श्रद्धा के साथ पूजा के लिए आगे आते हैं और बाद में एक-दूसरे शुभकामनाएं देते हैं। गांव और शहरों में दशहरा से कुछ दिन पहले रामलीला और मेलों का आयोजन होता है और दशहरा वाले दिन असत्य पर सत्य की जीत के रूप में रावण के पुतले दहन किए जाते हैं। दशहरा पर लोगों के घरों में पूजा-पाठ का भी आयोजन होता है।

## एक नज़र

### यूनियन के अध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह शारदीय दुर्गा पूजा के अवसर पर हिंडाल्को के श्रमिक एवम नगरवासियों शुभकामनाएं दी हैं ।

संवददाता

**रेणुकूट सोनभद्र ।** एल्युमिनियम कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह शारदीय दुर्गा पूजा के अवसर पर हिंडाल्को के श्रमिक एवम नगरवासियों शुभकामनाएं दी हैं ।अध्यक्ष ने श्रमिको के सुख शान्ति एवम समृद्धि की कामना की।अध्यक्ष ने कहा की रेनुकूट में बहुत समय से विजयादसमी के दिन रामलीला मैदान में रावण दहन होता है ।आप सब समय से मैदान में पहुँच कर रावण दहन का आनंद ले ।साथ ही ये भी कहे की कल रावण दहन होते ही बुराई पर अच्छा की जीत होगी।

### स्पीड पोस्ट सेवा की गति! तीन दिन में सात किमी चली डाक विभाग की चिट्ठी, पिन कोड नंबर तक लिखा था गलत



**कानपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर कानपुर मंडल की मोहर लगे लिफाफे के ऊपर पत्र भेजने वाले ने इंडस्ट्रियल स्टेट का पिन कोड नंबर 208009 डाला था, जो कि गलत था यह पिन कोड अर्मापुर स्टेट का है। कानपुर में गजब मामला सामने आया है, जहां डाकघर की स्पीड पोस्ट सेवा की गति देखते ही बनती है। आप को कोई पत्र कम समय में दूर भेजना है, तो डाक घर की स्पीड पोस्ट सेवा के भरोसे न रहें। डाक विभाग खुद अपने विभागीय पत्र को सही समय पर डिलीवर नहीं कर पा रहा है। बता दें बड़े डाकघर से भेजे गए स्पीड पोस्ट को फजलगंज पहुंचने में तीन दिन लग गए। ये कोई मामूली स्पीड पोस्ट नहीं है इसे शहर के सबसे बड़े डाक अधिकारी (प्रवर अधीक्षक डाक) ने खुद भेजा था। डाक विभाग की ये लापरवाही तब है जब इस स्पीड पोस्ट को महज सात किमी दूर जाना था। डाक विभाग की ओर से 18 अक्तूबर को जॉगिंग करते हुए कूड़ा उठाने की रैली निकाली गई। फिट इंडिया स्वच्छता फीडम 4.0 के अंतर्गत स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत थीम के साथ निकाली गई इस रैली की विज्ञप्ति उसी दिन (18 अक्तूबर) दोपहर 3ः49 बजे बड़ा डाकघर से भेजा गया था।

**डाक विभाग नहीं जानता अपने पिन कोड नंबर**

प्रवर अधीक्षक डाकघर कानपुर मंडल की मोहर लगे लिफाफे के ऊपर पत्र भेजने वाले ने इंडस्ट्रियल स्टेट का पिन कोड नंबर 208009 डाला था, जो कि गलत था यह पिन कोड अर्मापुर स्टेट का है। काउंटर नंबर छह से बुक हुआ यह स्पीड पोस्ट जब आरके नगर पोस्ट ऑफिस पहुंचा।

**सात किमी की दूरी तय करने में तीन दिन लगे**

वहां के पोस्टमास्टर ने इस पर लिखा पिन कोड गलत पाया। उन्होंने इस लिफाफे के ऊपर एक मोहर लगा दी। जिस पर लिखा है कि उक्त पते का सही पिन कोड नंबर 208012 है। 21 अक्तूबर शाम को यह पत्र अपने गंतव्य तक पहुंच गया। हालांकि इसे सात किमी की दूरी तय करने में तीन दिन लग गए।

### प्यार में समधन-समधी की गई जान, जमाने को नहीं जमा इश्क, एक साथ पटरी पर लेट गए, अब हर लब पर एक ही कहानी



एजेंसी

**हरदोई।** आशाराम के मुताबिक बीती 23 सितंबर को वह चौबानपुर में राजमिस्त्री का काम करने गया था। उसी दिन संदिग्ध परिस्थितियों में आशारानी घर से चली गई थी। उसकी तलाश के दौरान पता चला कि रामनिवास भी 23 सितंबर से गायब है।

हरदोई जिले के पिहानी कस्बे में शाहजहांपुर -सीतापुर रेलवे ट्रैक पर पिहानी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जहानी खेड़ा के पास ट्रेन से कटकर समधी और समधन ने खुदकुशी कर ली। दोनों तकरीबन एक माह पहले घर से बिना बताए साथ ही चले गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पास मिले मोबाइल फोन और आधार कार्ड के जरिए परिजनों को घटना की जानकारी दी। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिए गए। लखीमपुर खीरी जनपद के पसिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सहनुआ गांव निवासी रामनिवास (50) निजी बस चालक था। पांच माह पहले उसने अपनी इकलौती पुत्री की शादी लखीमपुर खीरी जनपद के मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुबारकपुर निवासी आशाराम के पुत्र शिवम के साथ की थी। रामनिवास का प्रेम प्रसंग उसकी समधन आशाराम की पत्नी आशारानी (45) के साथ थे।

**संदिग्ध परिस्थितियों में आशारानी घर से चली गई**

आशाराम के मुताबिक बीती 23 सितंबर को वह चौबानपुर में राजमिस्त्री का काम करने गया था। उसी दिन संदिग्ध परिस्थितियों में आशारानी घर से चली गई थी। उसकी तलाश के दौरान पता चला कि रामनिवास भी 23 सितंबर से गायब है।

**शाहजहांपुर-सीतापुर रेलवे ट्रैक पर पड़े थे शव**

इसके बाद उसने पत्नी आशारानी की गुमशुदगी मैगलगंज कोतवाली में दर्ज करा दी थी। रविवार सुबह राम निवास और आशारानी के शव शाहजहांपुर-सीतापुर रेलवे ट्रैक पर पिहानी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जहानीखेड़ा चौकी क्षेत्र के पास पड़े मिले।

**शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे**

जानकारी पर जहानीखेड़ा चौकी प्रभारी रामानंद मिश्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान शवों के पास से आधार कार्ड और रामनिवास के शव से मोबाइल भी बरामद हुआ। इसी के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पंचनामा भरकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**परिजनों को भनक लगी, तो टोका-टाकी करने लगे**

शादी के बाद से राम निवास का प्रेम संबंध अपनी समधन आशारानी पत्नी आशाराम के साथ हो गया। दोनों चोरी छुपे एक दूसरे मिलने लगे। परिजनों को भनक लगी, तो दोनों को टोका-टोकी करने लगे। इससे दोनों काफी आहत थे। जमाने ने प्रेम को मान्यता नहीं दी, तो दोनों ने एक साथ मरने की ठान ली।

**दिल्ली में रुके थे समधी समधन, 17 को आ गए थे गांव**

आशाराम के मुताबिक राम निवास के शव के पास से रोडवेज बस का टिकट भी मिला है। 17 अक्तूबर को दिल्ली के सोहराबगेट डिपो से मैगलगंज तक का यह टिकट दो लोगों का है और इसके लिए 535 रुपये चुकाए गए हैं।

**दोनों ने एक साथ खुदकुशी कर ली**

मतलब यह कि गांव से जाने के बाद रामनिवास और आशारानी दिल्ली चले गए थे। 17 अक्तूबर को वहां से निकलकर 18 को मैगलगंज में उत, तो लेकिन घर नहीं गए। कोई रास्ता न सूझने पर दोनों ने एक साथ खुदकुशी कर ली।

# मड़वाना गांव में एक दिवसीय कार्यकर्ता कैडर कैंप का हुआ आयोजन

## कैडर कैंप में कार्यकर्ताओं समेत अन्य सैकड़ो लोगों का उमड़ा जन सैलाब

संवददाता




**माल।** माल क्षेत्र के अन्तर्गत सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में 168 मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर मड़वाना में सेक्टर स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता कैडर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैडर कैंप में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कैडर कैंप को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को बहुजन समाज पार्टी की नीतियां एवं कुमारी मायावती की पूर्वार्ति की सरकार में सर्व समाज के लिए विकास कार्य किए गए प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आज प्रदेश में कानून नाम का कोई डर नहीं रह गया है। बीजेपी सरकार में थाना, चौकी, तहसील, कार्यालय में कर्मचारी सब के सब धन उगाही में जुटे हैं। सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अगर सच में देश और प्रदेश में अमन चैन चाहिए तो अब सभी कार्यकर्ताओं को आपसी भाईचारा कायम कर के बहन जी को 2024 में इस देश का प्रधानमंत्री बनाना होगा। कार्यक्रम में जिला प्रभारी राकेश गौतम, बृजेश चौधरी, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गौतम, जिला महासचिव गोविंद पाल, विधानसभा प्रभारी सत्य कुमार गौतम, सरवन गौतम, विधान सभा अध्यक्ष आलोक वर्मा, कमल यादव, रियाज अहमद राजू नेता, मुनीश राजा, अनीश राजा प्रधान, अंकित सानिया, डॉक्टर शैलेंद्र गौतम, दिनेश गौतम छोटू, सतेंद्र वर्मा, रामदिन पाल, रामदेव पाल, रमन गुप्ता, भीमसेन प्रधान, श्रीकृष्ण प्रधान, बुद्धि लाल वीबीएफ, राम गोपाल मौर्य, संतोष कुमारी गुड्डी जिला पंचायत सदस्य, शत्रोहन भारती, निजाम मंसूरी, संतोष वर्मा, फिरोज भाई, सचिन गौतम, निरंजन प्रसाद लोधी, पुत्ती लाल वर्मा, गुड्डू लोधी, शिवबरन गौतम, बबली गौतम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता कैडर में उपस्थित रहे।

# अयोध्या मंडल के कमिश्नर गौरव दयाल और आई जी प्रवीण कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक

❖ अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर तथा चंपत राय समेत ट्रस्ट के अन्य सदस्य रहे मौजूद।

संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक किया । इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के भवन में हुई बैठक में अयोध्या कमिश्नर गौरव दयाल आई जी प्रवीण कुमार जिलाधिकारी नितीश कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर समेत संघ के पूर्व सहकार्यवाह भैया जी जोशी समेत राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे । करीब दो घंटे से ज्यादा हुई तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भवन में बैठक । बैठक में प्राण प्रतिष्ठा में सुरक्षा व्यवस्था रहा प्रमुख मुद्दा।बैठक से निकले मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा के तैयारी के विषय में विभिन्न पहलुओ पर बैठक में चर्चा की गई । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आगमन और वीआईपी मेहमानों के आगमन उससे जुड़े हुए पहलुओं पर हुई चर्चा । जनता को कम से कम और असुविधा पहुंचे प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो संपन्न सुरक्षा हो अभेद बैठक में हुई है चर्चा । उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा के दिन वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए राम मंदिर दर्शन पर रहेगी रोक,राम मंदिर ट्रस्ट कर रहा है इसको तय । ट्रस्ट के तरफ से किया जाएगा अपील, प्रतिष्ठा और वीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए 3 दिन तक श्रद्धालु रामलला का नहीं कर सकेंगे दर्शन । प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर लिए जाएंगे सुरक्षा के संबंध में अहम निर्णय । प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य अपने आखिरी पड़ाव पर । सुरक्षा को लेकर लगातार चल रहा है मंथन सुरक्षा के सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है ।

# भारतीय केवट बिंद महासभा सम्मेलन के कार्यक्रम का किया गया आयोजन

संवाददाता



**प्रयागराज।** पयागपुर रमगढ़वा मांडा में केवट बिंद समाज के कई स्वजातीय संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें । जिसमें बिंद समाज के तमाम राजनीतिक दलों तथा सभी संगठनों के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद भदोही के मा.डा.रमेश चंद्र बिंद ने मंच के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि समाज का कल्याण उद्धार कैसे भी हो चाहे किसी तरह का झंडा हो समाज का उद्धार होना चाहिए शरीर में जो गलत लफ्ज है ,गलत आदतें हैं उसे छोड़ना पड़ेगा और जो नाजायज खर्च करते हैं उसे कॉन्वेंट स्कूलों में बच्चों के लिए देना सीख लें जो पत्ता फेरना सीख रहे हैं वह समाचार पेपर पढ़ना सीख ले तो समाज का कल्याण एवं उद्धार तभी संभव होगा। कार्यक्रम में प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेमचंद बिंद ,भारतीय केवट बिंद महासभा के संस्थापक प्रदुम्न बिंद ,राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय प्रचारक सुनील कुमार बिंद, उपाध्यक्ष बीपी परवाना पूर्व आकाशवाणी गीतकार प्रयागराज, महासचिव राम गोविंद तथा अखिल भारतीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी एल बिंद जिला अध्यक्ष इं हीरमणी बिंद, भारतीय केवट एकता संघ के पदाधिकारी हरि भगवान बिंद और अपना दल एस के प्रदेश सचिव इंजीनियर रामवृक्ष बिंद और जिला पंचायत सदस्य सुला बिंद छनाबे मिर्जापुर तथा कई ग्राम सभा के ग्राम प्रधान रामजी गौड़ गांव पयागपुर रमगढ़वा ,समर बहादुर बिंद खुर्मा, राधेश्याम बिंद धराव रीता बिंद धर्मपत्नी कमलेश बिंद शाहपुर,अजय बिंद नेवरिया, विजय शंकर बघेड़ा कला तथा अन्य सम्मानित गण तथा महिलाएं भी मौजूद रही।

# दर्द से तड़पता रहा मासूम, तीमारदारों को दौड़ाकर पीटते रहे डॉक्टर, खूब वारयल हो रहा मामला

एजेंसी

**मेरठ।** जूनियर डॉक्टरों ने तीमारदार परिवार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पीड़ितों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। वहीं, इस दौरान बच्चा दर्द से तड़पता रहा। मेरठ में मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में सोमवार शाम को जूनियर डॉक्टरों ने तीमारदार परिवार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पीड़ितों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इस दौरान जिस मासूम को इलाज के लिए परिजन लेकर पहुंचे थे, वह दर्द से तड़पता रहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मेडिकल थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी दीपक के पांच वर्षीय पुत्र कुणाल के दाएं हाथ का अंगूठा सोमवार शाम कट गया। दीपक अपने भाई देवेंद्र और भाभी प्रीति के साथ पुत्र को लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचे। पट्टी करते समय बच्चा रोने लगा तो परिजनों ने चिकित्सक को आराम से उपचार करने के लिए कहा। जिस पर उनकी चिकित्सकों से कहासुनी हो गई। इसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने दीपक और देवेंद्र को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीच-बचाव को आई दीपक की पत्नी को भी नहीं छोड़ा। पीड़ित बचाओ, बचाओ चिल्लाते रहे और डॉक्टर उनके साथ मारपीट करते रहे। इस दौरान इमरजेंसी में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने बीचबचाव का प्रयास किया, लेकिन जूनियर डॉक्टर मारपीट करते रहे। किसी तरह पीड़ितों ने अपनी जान बचाई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी जूनियर डॉक्टर फरार हो गए। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। थाना प्रभारी अवधेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**मारपीट की घटना देख बुरी तरह सहम गया मासूम**

मेडिकल की इमरजेंसी में पिता व अन्य परिजनों से मासूम कुणाल के सामने ही मारपीट की गई। पहले ही दर्द से तड़प रहा मासूम मारपीट की घटना से बुरी तरह घबरा गया। वह बुरी तरह रोने लगा। चिकित्सकों ने उसका उपचार भी नहीं किया। बच्चे को तड़पता देख मां भी रोने लगी।

# दो नामजद सहित दस अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

## घटना से गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी



**लार।** सामान की खरीदारी कर घर जा रहे नगर के एक कालेज के परिचारक को मनबढ़ों ने रास्ते में रोक पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीखपुकार की आवाज सुन दौड़े लोगों को देख आरोपी भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलवस्था में परिचारक को सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। उधर पीड़ित ने तीन नामजद सहित दस अज्ञात के खिलाफ मारपीट करने व चैन छीनने का आरोप लगा तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। लार थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी हरेराम यादव नगर के स्वामी देवानंद पीजी कालेज में परिचारक हैं। सोमवार को शाम आठ बजे के करीब सब्जी की खरीदारी कर बाइक से घर जा रहे थे। अभी लार भाटपाररानी मार्ग पर गांधी मोड़ के पास पहुंचे थे। इसी बीच रास्ते मे खड़े होकर कुछ मनबढ़ युवक कार आपस में टकराने को लेकर बहस कर रहे थे। इस पर परिचारक ने युवकों को आपस में विवाद नहीं करने की बात कह शांत रहने को कहा। यह बात मनबढ़ों को नागवार लगी। वह अभी कुछ समझ पाते कि मनबढ़ लाठी, डंडे से हमला कर दिए। सरेराह होती पिटाई से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। चीख पुकार की आवाज सुन दौड़े लोगों को भी मनबढ़ों ने दौड़ा दिया। वहीं पिटाई से घायल हुए परिचारक लहूलुहान होकर सड़क के किनारे पड़े रहे। इसी बीच किसी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी।मौके पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी युवक भाग निकले। इसके बाद पुलिस घायल परिचारक को सीएचसी लेकर पहुंची। जहां प्राथमिक उपचार हुआ। उधर घटना से गुस्साए आस पास के लोगों ने आरोपितों पर कार्रवाई करने व गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। यह देख पुलिस ने नाराज लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद लोग शांत हुए।प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

**घायल परिचारक का मठ के महंत ने जाना हाल**

परिचारक पर हुए सरेराह हमला की जानकारी पर मठ के महंत स्वामी अभयानंद गिरी जी महाराज देर शाम सीएचसी लार पहुंचे। यहां उन्होंने परिचारक का हाल जाना। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौ धरी से घटना में शामिल हमलावरों को जल्द गिरफ्तारी कर कार्रवाई करने की बात कही।

# बड़े भाई ने ईंट से कूचकर की छोटे भाई की हत्या

## लंबे समय से चल रहा था जमीन का विवाद



एजेंसी

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में फतेहपुर चौरासी थाना के ओसियां गांव में जमीन के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेजा है। ओसियां गांव निवासी भारत उर्फ गोला(45) का बड़े भाई करन से जमीन को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। सोमवार दोपहर दोनों भाई नशे में थे। जमीन को लेकर फिर दोनों में कहासुनी के साथ हाथापाई शुरू हो गई। इससे गुस्साए बड़े भाई ने पास में पड़ी ईंट से सिर कूचकर भारत उर्फ गोला की हत्या कर दी। सिर और चेहरे पर कई वार करने से उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों के अनुसार भारत कानपुर स्थित एक दाल मिल में काम करता था। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि आरोपी भाई को हिरासत में लिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोमोज को लेकर बवाल

## दो पक्षों में मारपीट के बाद हुआ पथराव, पीएसी जवानों पर भी फेंके पत्थर

एजेंसी



**वाराणसी।** वाराणसी के आदमपुर थाना इलाके के विजईपुरा इलाके में मोमोज को लेकर दो युवक भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों में मारपीट हो गई। हालांकि लोगों ने बीच बचाव कराया। इस दौरान दोनों पक्ष से करीब 100 लोग जमा हो गए। देखते ही देखते पथराव होने लगा, दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पीएसी के जवानों ने पथराव रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनपर भी पत्थर फेंके। वाराणसी के आदमपुर थाना इलाके के विजईपुरा (कोनिया) में शनिवार रात जमीन पर गिरे मोमोज को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, फिर जमकर पथराव हुआ। पीएसी के जवानों पर भी पत्थर फेंके गए। करीब तीस मिनट तक इलाके में अराजकता की स्थिति रही।

आसपास के थानों की पुलिस ने लाठीचार्ज करके उपद्रवियों को खदेड़ा। बवाल में छह लोग घायल हुए हैं। मौके पर अपर पुलिस आयुक्त एस. चनप्पा, डीसीपी काशी जोन, एडीसीपी आदि फोर्स के साथ पहुंचे। मामले में सात आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विजईपुरा चौराहे के पास 14 वर्षीय करन अपनी मोमोज की दुकान लगाता है। रात करीब आठ बजे विजईपुरा के खजुरिया निवासी ई-रिक्शा चालक दुकान पर मोमोज लेने गया। इस बीच मोमोज जमीन पर गिर गया। इसे लेकर ई- रिक्शा चालक विवाद करने लगा। यह देख करन के परिजन और अन्य लोग आगे आए। बीच-बचाव के साथ ही रिक्शा चालक को डांटने लगे। यह देख भीड़ एकत्रित हो गई। दोनों तरफ से कहासुनी हुई, फिर गालीगलौज और मारपीट होने लगी । देखते ही देखते विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। विजईपुरा चौराहे पर दो पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। पथराव में करन के अलावा 16 वर्षीय अरविंद गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों के सिर और पीठ पर चोट आई है। करन को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि पीएसी जवानों के ऊपर भी पत्थर फेंके गए। पथराव की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद आदमपुर, जैतपुरा, सारनाथ समेत अन्य थानों की फोर्स पहुंच गई। अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था एस. चनप्पा, डीसीपी काशी आरएस गौतम समेत अन्य अधिकारी पहुंचे और स्थिति को संभाला।

**छत से बरसे पत्थर, छह से अधिक घायल**

विजईपुरा के पास दोनों पक्षों के बीच जब विवाद शुरू हुआ तो अन्य बड़े बुजुर्ग घरों में कैद हो गए। कुछ देर के लिए क्षेत्र में अराजकता का माहौल ऐसा बना कि उपद्रवियों ने घरों की छत पर चढ़कर पथराव किया, जिसमें दोनों ओर से छह लोग घायल हो गए। हालांकि, पुलिस का कहना है कि बवाल में केवल दो लोग करन और अरविंद घायल हैं। विवाद दो नाबालिग के बीच शुरू हुआ था। इसके बाद पत्थरबाजी हुई। सीसी कैमरों की फुटेज के जरिये उपद्रव करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**- एस. चनप्पा, अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था।**

## गोहन थानाध्यक्ष के विरोध में भीम आर्मी ने किया कलेक्ट्रेट गेट पर प्रर्दशन

# अपर पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन, उठाई कार्यवाही की मांग

संवाददाता



**उरई जालौन।** भीम आर्मी के मंडल प्रभारी सुशील चौधरी के नेतृत्व में आज सोमवार को सोनू जाटव अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, पुनीत राज सहित दर्जन भर लोग गोहन थाना अध्यक्ष रानी गुप्ता द्वारा पीड़ित के साथ की गयी अभ्रदता के विरोध कलेक्ट्रेट गेट पर धरना पर बैठ गये और जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यवाही की मांग उठाई। इसके बाद पीड़ित ज्ञान सिंह पुत्र हिमाचल सिंह निवासी ग्राम राजपुरा थाना गोहन के साथ अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेंट कर थानाध्यक्ष गोहन के खिलाफ कार्यवाही तथा पीड़ित का मुकदमा दर्ज करने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई है।पीड़ित ज्ञान सिंह पुत्र हिमाचल सिह आरोप लगाया कि 21 अक्टूबर को समय करीब सुबह 9ः00 बजे की है प्रार्थी का पुत्र अंशुल उर्फ बोबी उधारी का पैसा मागने किसान ट्रेडर्स राजपुरा रविन्द्र व अरविन्द पुत्रगण बच्चू सिंह सेंगर निवासी कंचनपुर के पास गया जिसने मेरी दुकान से सीमेन्ट की बोरी ली थी जिसका 19 हजार 500 रुपया हमें दे दो तो उक्त दोनों लोग आक्रोसित हो गये तथा मेरे लड़के बोबी की माँ बहिन की गन्दी गन्दी गालियां देने लगे तो प्रार्थी के लड़के ने गाली देने से मना किया तो दोनो भाइयो ने मेरे लड़के के साथ लाठी डण्डों बैल्टों से मारा पीटा तथा जेब में रखे 50 हजार रुपये जो सीमेन्ट की गाड़ी वाले को देना था वह पूरी रकम जबरजस्ती छीन लिया तो प्रार्थी चीखा चिल्लाया तो वहां से निकल रहे राहगीरो ने बचाया तो उक्त दोनों भाइयों ने प्रार्थी के पुत्र को जान से मारने %की धमकी दी तथा कहने लगे जाओ तेरा पैसा नहीं देगें। मारपीट के दौरान मेरे पुत्र को गम्भीर चोटें आयी जिसका पुलिस ने मेडीकल परीक्षण नहीं कराया कि कल 22 अक्टूबर शाम को जब अपने पुत्र बोबी को लेकर गोहन थाना गया तथा थाना इन्चार्ज से कहा कि मेरे बेटे को मारपीट के दौरान चोटें आयी है इसका मेडिकल परीक्षण करवा कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाये।मगर मुकदमा दर्ज न कर थाने से भगा दिया। पीड़ित ने थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय कार्यवाही एवं आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई है।

# प्रतिमाओं का विसर्जन धार्मिक रीति रिवाज से बडी धूम धामपूर्वक किया जाएगा

संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थानीय प्रशासन के द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं, यमुना नदी के तट में बनाए गए अस्थाई जल सरोवर में आधा सैकड़ा देवी प्रतिमाओं का विसर्जन धार्मिक रीति रिवाज से धूमधामपूर्वक किया जाएगा। मालूम हो की की स्थानीय नगर के अलग-अलग स्थानों आठ तथा जोल्हुपुर, छौंक, उसरगांव, बैरई के अलावा ग्रामीण अंचलों में देवी प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। लगातार 9 दिनों तक देवी पंडालों में भक्तों तथा महिलाओं की भारी भीड़ पूजन तथा आरती करती रही है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार नवरात्रि के उपरांत देवी प्रतिमाओं को यमुना नदी में विसर्जन करने की मान्यता है, लेकिन एनजीटी के आदेशों के अनुरूप यमुना नदी में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन करने पर रोक लगाई गई है। इस वजह से यमुना नदी के किनारे



बांके बिहारी मंदिर समीप नगर पालिका परिषद के द्वारा अस्थाई जल सरोवर तैयार किया गया है। सभी देवी प्रतिमाओं को अस्थाई जल सरोवर में विसर्जन किया जाएगा। उपजिलाधिकारी के.के सिंह, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ के द्वारा अस्थाई जल सरोवर का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का ज्यादा लिया। इसी क्रम में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत के द्वारा अस्थाई जल सरोवर निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### इनसेट
### दशहरा मेला में 40 फीट ऊंचा रावण के पुतले का होगा दहन

समाजसेवी संस्था श्री सेवा समिति ट्रस्ट कालपी के तत्वाधान में मंगलवार को एम.एस.वी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में दशहरा मेला तथा रावण दहन का प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जय खत्री ने बताया कि 40 फीट ऊँचाई का रावण का पुतला तैयार किया गया है। एम.एस.वी इंटर कालेज के ग्राउंड मे दशहरा मेला में रात को धार्मिक रीति रिवाजों से रावण के पुतले का दहन किया जायेगा। मेले में विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक, व्यापारी तथा सामाजिक संगठनों के बैनर तथा पंडाल स्थापित करके दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### खंभा लगाते समय क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन, जल संकट गहराया

**कालपी।** बिजली के खंभे लगाते समय नगर में कई जगह पर पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पानी की सप्लाई बाधित रही। शनिवार की रात नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित डिग्री कॉलेज के पास खंभे के लिए गड्ढा करते समय इसकी चपेट में पानी की पाइपलाइन आ गई। जिससे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे उस एरिया में जलापूर्ति ठप हो गई। पानी न आने से लोगों को सुबह से ही परेशान होना पड़ा। त्योहार को देखते हुए नगर में पानी की समस्या बड़ी समस्या बन गई है। जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय निवासी श्रीराम, अशोक पुरवार, प्रदीप सिंह, कुशल गुप्ता आदि लोगों ने बताया के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से हम लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जब पाइपलाइन टूटी तो मौके से कर्मचारी भाग गए। जल संस्थान के जेई आलोक कुमार ने बताया कि शीघ्र ही पाइपलाइन को सही कराया जाएगा। जिससे आसपास क्षेत्र में जलापूर्ति चालू हो सके।

## एक नज़र

### 20 क्वार्टर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार,

संवाददाता



**कालपी(जालौन)।** त्योहार के अवसर पर अवैध तरीके से शराब बेचने के लिए ले जा रहे युवक को क्षेत्रीय पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक में सुबह करीब 7 बजे आरोपी युवक कप्तान पुत्र ईश्वर निवासी ग्राम छौंक अवैध शराब लेकर के गांव जा रहा था, तभी ज्ञान भारती चौकी के प्रभारी राजेश कुमार की पुलिस टीम के साथ सरकारी गौशाला के पास आरोपी युवक कप्तान को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी युवक के पास से 20 अदद अवैध शराब को बरामद कर लिया। पुलिस ने जुर्म धारा 60 आबकारी एक्ट के अंतर्गत चालान कर दिया।

### दूसरे दिन पूल काउंसलिंग में शामिल हुए दोगुने अभ्यर्थी

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा कराई जा रही पूल काउंसलिंग के दूसरे दिन दोगुने अभ्यर्थी जरूर शामिल हुए। मगर फिर भी उम्मीद के मुताबिक अभ्यर्थी काउंसलिंग नहीं करा रहे हैं। सोमवार को आए 321 अभ्यर्थियों को 29 अक्तूबर को कॉलेज आवंटन होगा। तीन चरणों की काउंसलिंग के बावजूद सरकारी और अनुदानित कॉलेज में भी 7680 के सापेक्ष 432 सीटें खाली पड़ी हैं। इससे स्पष्ट है कि छात्र-छात्राओं में इस बार बीएड को लेकर रुझान काफी कम है। पहली बार बीएड अभ्यर्थियों को पूल काउंसलिंग में भी सरकारी और अनुदानित कॉलेज में बची सीटों पर प्रवेश लेने का मौका दिया जा रहा है। बीयू की तरफ से रविवार से पूल काउंसलिंग शुरू की गई है, जोकि 29 अक्तूबर तक चलेगी। 28 अक्तूबर तक अभ्यर्थी काउंसलिंग में शामिल होकर कॉलेज की च्वाइस भरेंगे। उसके अगले दिन कॉलेज आवंटन होगा। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि पूल काउंसलिंग के पहले दिन 162 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जबकि, दूसरे दिन 321 अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग कराई है। त्योहार के बाद काउंसलिंग कराने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में इजाफा होगा।

### गोशाला के अंदर जाने से सभासदों को रोका, खफा

**कदौरा।** कस्बे की कान्हा गोशाला के अंदर आधा दर्जन गायों की मौत की खबर पर सभासद अंकित, सभासद प्रतिनिधि महेश गुप्ता व बजरंग दल के प्रखंड संयोजक भानुप्रताप करोसिया पहुंचे। आरोप लगाया कि उन्होंने कर्मचारियों से गेट खोलने के लिए कहा तो कर्मचारियों ने ईओ द्वारा मना करने की बात कहकर गेट नहीं खोला। जिस पर सभासदों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने इसकी सूचना जिले के पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही चेयरमैन पति रवि शिवहरे पहुंचे और गेट खुलवाया। सभासदों ने गोशाला में भूसा-चारे पानी की व्यवस्था देखी। सभासदों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गोशाला के अंदर आधा दर्जन गाय मृत हैं। इसलिए वह लोग आए थे, लेकिन कर्मचारियों ने गेट नहीं खोला था। गोवंशों को सड़ा भूसा खिलाया जा रहा है। गोशाला के अंदर सभासदों और आम लोगों के आने-जाने पर रोक लगाना तुगलगी फरमान है। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक भानुप्रताप करोसिया ने आरोप लगाया कि मृत गायों को रात में ही दफन करवा दिया गया। उनको भी गोशाला के अंदर फोटो और वीडियो न बनाने की शर्त पर जाने दिया गया था। जिस तरह से रोका जा रहा है, इससे तो मामला संदिग्ध लग रहा है। ईओ का कहना है कि जिसे भी गोसेवा करना है तो अवगत कराए। बिना जानकारी के कोई गोशाला के अंदर नहीं जाएगा। बताया कि पूर्व में आई एनजीटी की टीम ने भी मना किया था।

### स्वास्थ्य मेले में 1939 मरीज, सबसे ज्यादा 327 त्वचा रोगी मिले

**उरई।** जिले के 30 ग्रामीण और छह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। जिनमें 47 चिकित्सकों, 122 पैरामेडिकल स्टाफ ने चिकित्सीय कार्य किया। मेले में 853 पुरुष, 704 और 282 बच्चों समेत 1939 रोगियों का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य मेले में 100 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। 12 रोगियों की मलेरिया कार्ड से जांच की गई। एक व्यक्ति की हेपेटाइटिस की जांच की गई। 13 व्यक्तियों की आंखों का परीक्षण किया गया। 58 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य मेलों में 149 बुखार, 225 लिवर संबंधी समस्याओं के, 180 श्वसन संबंधी, 110 डायबिटीज के रोगी आए। सबसे अधिक 327 त्वचा संबंधी रोगों के रोगी आए। मेले में नौ खून की कमी के और 43 उच्च रक्तचाप के रोगी देखे तथा उनको उपचार प्रदान किया गया।

### कालपी। सीएचसी मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 65 मरीजों का उपचार हुआ।

मेले में पहुंचने वाले मरीजों को बदलते हुए मौसम से बचाव के बारे में बताया गया। डॉ. शेख शहरयार ने मरीजों के शारीरिक संबंधी जांच करके उनको दवाइयां उपलब्ध कराई। मरीजों को सलाह देते हुए बताया कि इस समय मौसम बदल रहा है। ठंडी चीजों का सेवन न करें। सुबह के वक्त पड़ने वाली हल्की सर्दी को हल्के में न लें। सुबह के वक्त सर्दी और दिन में गर्मी पड़ने से इस समय बुखार, जुखाम जैसी बीमारियां अधिक हो रही है।

## अज्ञात कारणों के चलते नवयुवक ने पेड़ से लटक कर जान दी

संवाददाता



**कालपी जालौन।** मामला जनपद जालौन की कालपी कोतवाली के रायढ दिवारा का बताया जा रहा है जहां कल रविवार को शाम 4ः30 बजे प्रांशु निषाद पुत्र प्रहलाद निषाद उम्र 17 वर्ष सुबह खेत में जाने की बात कहकर घर से निकला था । शाम होने पर जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोज शुरू कर दी । परिजन जब खेतों के तरफ गए तो उसका शव कैथा के पेड़ पर लटका देख उनके होश उड़ गए। पास में खेल रहे ग्राम वासियों के बच्चों ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। तथा इसकी सूचना कालपी कोतवाली पुलिस को दी। कालपी पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची उसने 100 को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया है। नवयुवक की मौत की असली वजह अभी तक किसी ने नहीं बताई है। प्रांशु की मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में शोक का मातम छा गया है। वहीं पर जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### चाकू के हमले से घायल हुए जिम जा रहे युवक की इलाज के दौरान मौत

**उरई।** साथी के साथ जिम करने शनिवार की शाम गए युवक का वहां पहले से मौजूद एक युवक से विवाद हो गया था। जिस पर युवक ने अपने दो साथियों को बुलाकर युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया था। जिससे वह लहुलूहान होकर मरणासन्न हो गया था। उपचार के दौरान रविवार को युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के बाबा की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी प्रदीप वाल्मीकि का 23 वर्षीय पुत्र हर्ष शनिवार की शाम अपने मित्र अनिकेत के साथ शहर के राजमार्ग स्थित कृष्णा टाकीज के पास जिम करने गया था। तभी नदीगांव निवासी योगेश तिवारी से उसकी डंबल उठाने को लेकर कहासुनी हो गई थी।

## पंचनदा पुल की रेलिंग से बाईक टकराने से दो की मौत , एक गंभीर रुप से घायल

संवाददाता



जगम्मनपुर ,जालौन । पंचनदा संगम पर पुल की रेलिंग से तीव्र गति से चलती हुई मोटरसाइकिल टकरा गई जिसमें दो युवकों की मौके पर मौत हो गई व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद पर जालौन इटावा को जोडने बाले कंजौसा के पुल पर एक प्लेटना मोटरसाइकिल UP 92 A M 1755 रेलिंग से टकरा गई जिसमें अमन पुत्र अर्जुन उम्र लगभग 20 वर्ष , सौरभ पुत्र सुखराम उम्र लगभग 19 वर्ष निवासीगण जगम्मनपुर थाना रामपुरा की ठौर मौत हो गई व आशीष पुत्र बृजेश कुमार दोहरे उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी लौना थाना कोतवाली जालौन के सिर में गंभीर चोट आई है । बताया जाता है कि उक्त तीनों युवक पंचनद स्थित कालेश्वर मंदिर (बिठौली इटावा) से दर्शन करके वापस आ रहे थे की कंजौसा की पहूज नदी पुल की रेलिंग से तीब्र गति से चलती हुई मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे अमन पुत्र अर्जुन व सौरभ पुत्र सुखराम दोहरे जगमनपुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा आशीष सिंह पुत्र बृजेश कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है । सूचना पाकर एसएचओ रामपुरा शशिभूषण सिंह तथा चौकी प्रभारी जगमनपुर राजकुमार निगम मय हमराही घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने दौनो शवों को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है व घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा गया है।

## बाईक सवार युवक पर घात लगाए बदमाशों ने की मारपीट युवक गंभीर रुप से घायल

संवाददाता



**कुठौंद/ जालौन।** थाना कुठौंद के ग्राम सिहारी चेलापुर निवासी कैलाश नागर ने थाना कुठौंद क्षेत्र की हदरुख चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22. 10. 2023 समय करीब 4ः00 बजे हमारा लडका वीरेश खेत में पानी लग रहा था। तभी कोमल सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी सिहारी चेलापुर एवं शनि पुत्र दिनेश निवासी उगरापुर मोटरसाइकिल से खेत पर आए और वीरेश को मदारीपुर ले जाने के बहाने अपने साथ ले गए । वहाँ से अपने साथ पारेंन ले गए जहां पहले से ही घात लगाए बैठे अतर सिंह एवं कुछ अज्ञात लोगों ने हमारे पुत्र के साथ लाठी डंडों से एवं कुल्हाड़ी से मारपीट कर दी जिससे हाथ पैर टूट गए और शरीर में गंभीर चोट आने से बोलचाल भी बंद हो गया उक्त लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में गांव के किनारे लाकर डाल दिया और मौके से फरार हो गए । हमारे पुत्र को वहाँ डालते स्थानीय लोगों ने देखा जिसकी जानकारी प्रार्थी को दी। जब घटना की जानकारी प्रार्थी को हुई तो प्रार्थी ने अपने पुत्र को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल उरई के लिए रेफर कर दिया जहां पर उसका इलाज चल रहा है और वह जिंदगी मौत के बीच जूझ रहा है। प्रार्थी कैलाश नगर ने पुलिस को तहरीर देते हुए उक्त लोगों के में खिलाफ करवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आश्वासन दिया है कि उक्त लोगों के खिलाफ शख्त से शख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सी0ओ0 कालपी देवेंद पचौरी ने फीता काटकर पिंक बूथ का किया उद्धाटन




❖ महिला अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए खोले जा रहे पिंक बूथ - देवेंद पचौरी सीओ कालपी

संवाददाता

**कालपी जालौन।** शारदीय नवरात्रि के नवमी तिथि पर आज सोमवार को सुबह मुख्य बाजार स्थिति टरननगंज चौकी परिसर के पास महिलाओं और किशोरी की शिकायतों के लिए पिंक बूथ का उद्धाटन किया गया । क्षेत्राधिकार कालपी देवेंद्र पचौरी ने फीता काटकर महिला पिंक बूथ का उद्धाटन किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा और शिकायतों को सुविधाजनक बनाने के लिए चौकी परिसर में पिंक बूथ बनाया गया है इस बूथ पर 24 घंटे एक महिला पुलिस तैनात रहेगी यदि किसी भी महिला को पुलिस सहायता की जरूरत होगी तो तत्काल इस बूथ पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकेगी। पिंक बूथ पर तैनात महिला पुलिस वैसाली, शशि ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के धन्ना लमसर बड़ी तेरही गुलौली देवकली मांगरोल गुढ़ापुरवा वह अन्य स्थानों की महिलाएं अब वैसिक किसी भी समस्या की शिकायत पर निजात पा सकती हैं इससे पूर्व कालपी चौकी प्रभारी चेतराम बुंदेला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया ।

### 165 फरियादियों में 14 को मिला न्याय

**उरई।** जनसमस्याओं को सुनने के लिए पांचों तहसील में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 165 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। सिर्फ 14 लोगों को ही न्याय मिल पाया। 151 लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। अधिकारियों ने फरियादियों को समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में जमीनी विवाद के मामले ज्यादा रहे। कोंच में डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी ईरज राजा ने लोगों की समस्याओं को सुना। कई सालों से लंबित पड़े मामलों को देख डीएम ने जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी जाहिर कर जल्द से जल्द समाधान करने की हिदायत दी। इसी बीच एक बुजुर्ग महिला ने जब अपनी पीड़ा बताई तो सब हैरान रहे गए। नौ साल से अपनी पति का मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बनवा पा रही हैं। डीएम ने उसकी पीड़ा सुनकर तुरंत उसका प्रमाणपत्र जारी करवाया। भावुक होकर उसने खुशी जाहिर की।

## दो साल से ठप पड़ी जांच, सवा दो सौ लोग बेसहारा, कब मिलेगा 'आसरा'

संवादददाता

**झांसी।** एरच में दो साल से आसरा आवास बनकर तैयार हैं। इनकी जांच पूरी होने का इंतजार है। आवास न मिल पाने से लाभार्थी परेशान हैं। नवंबर 2021 में जांच होने के बाद डूडा द्वारा रिपोर्ट खारिज कर देने के बाद से अब तक आवास आवंटन नहीं हो पाया है। वर्ष 2020 में एरच में दो फेज में 228 आसरा आवास बनाए गए हैं। इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आवास उपलब्ध कराना है। मगर इस योजना का लाभ लाभार्थियों को नहीं मिल पाया। क्योंकि, एरच में इन आवासों का आवंटन होने के कुछ समय बाद ही किसी मकान का प्लास्टर उखड़ने लगा तो किसी की छत चटकने लगी। इसी बीच एक आवास का छज्जा गिर गया और चार लोग घायल हो गए। आवास की जांच के आदेश हो गए। 26 नवंबर 2021 को एक जांच रिपोर्ट बनाकर डूडा को सौंपी गई। खास बात ये है कि न तो निर्माण सामग्री की जांच की गई और गुणवत्ताहीन काम होने पर न तो किसी को जिम्मेदार बताया गया। ऐसे में डूडा ने दोबारा जांच करने की सिफारिश की। अब करीब दो साल बीतने वाले हैं मगर अब तक आवासों की जांच पूरी नहीं हो पाई है।

### आवास बनने में लग गए थे पांच साल

झांसी। वर्ष 2014-2015 में आसरा आवासों के निर्माण का काम शुरू हुआ था। इन आवासों को बनने में करीब पांच साल का समय लग गया। अब आवास बने तीन साल हो गए हैं और आवंटन होने के बावजूद लाभार्थी इनका लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

**वर्जन..**

हाल ही में मुझे परियोजना अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज मिला है। इस प्रकरण के बारे में पता लगवाकर जल्द जांच पूरी कराई जाएगी। - रोली गुप्ता, प्रभारी परियोजना अधिकारी, डूडा।

### सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैकिंग वाले विभागों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**उरई।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक डीएम राजेश कुमार पांडेय ने शनिवार की देर शाम कलक्ट्रेट सभागार में की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिस विभाग की रैंकिंग खराब होगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपनी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से ले। मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को डाटा प्रस्तुत किया जाता है, डाटा फीड करते समय कोई भी फर्जीवाड़ा न किया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सीडीओ व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुटि रहित फीडिंग कराएं।

## महिला सफ़ाईकर्मी ने वार्ड सभासद के खिलाफ़ पुलिस से शिक़ायत की, कार्यवाही की मांग




संवाददाता

**कदौरा/कालपी।** मामला जनपद जालौन के कदौरा थाने का बताया जा रहा है जहां एक महिला सफ़ाईकर्मी मिथलेश कुमारी पुत्र रामदास निवासी - मोहल्ला पुरवा थाना कदौरा ने बताया कि प्रार्थनी नगर पंचायत में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत है । नगर पंचायत की ओर से प्रार्थनी की ड्यूटी अंबेडकर नगर वार्ड में लगाई गई है। जिसे प्रार्थनी पूरी ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। कुछ दिनों से वार्ड हवेली के वार्ड सभासद सरीपा पुत्र जमील बिना कारण के महिला सफाई कर्मी मिथिलेश को अमर्यादित भद्दी भद्दी जाति सूचक गाली गलौज करता है । कारण पूछने पर कोई सार्थक जवाब नहीं देता है। हमेशा नौकरी से निकलने की धमकी दिया करता है। प्रार्थिनी मिथिलेश कुमारी ने आज का दौरा थाना में जाकर सभासद शरीफ पुत्र जमील के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है । कदौरा थाना पुलिस ने शिकायत पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

# एबीवीपी के द्वारा सेवा बस्ती में दुर्गा नवमी पर कन्या पूजन का कार्यक्रम हुआ।



संवाददाता

धौलपुर राजस्थान। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई धौलपुर के द्वारा एसएफएस के तहत सेवा बस्ती मचकुंड रोड पर नव दुर्गा के नवमी पर कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर एसएफएस सह संयोजक प्रदीप कुमार ने उनके माथे पर रोली, चंदन आदि का तिलक लगाया, कन्याओं को दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया द्य जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवम नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र घुरैया ने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में मातृशक्ति की बहुत अहम भूमिका है।बिना मातृ शक्ति के हमारा अस्तित्व नहीं हैं।भारत में महिला शक्ति को जो सम्मान है।इस मौके पर नगर मंत्री योगेश मीणा ने बताया है की एबीवीपी मानव सेवा को सर्वोच्च रखती हैं इसलिए सेवा की गतिविधियां को संपूर्ण वर्ष आयोजित करती है। इस मौके पर जिला संयोजक धीरेंद्र कुशवाह, जिला संगठन मंत्री रोहित चतुर्वेदी, जिला मिडिया संयोजक अंकित सेन, जिला कार्यालय मंत्री विकास,नगर सहमंत्री अरुण चौधरी, नीरज शर्मा, आकाश दिवाकर, अंकित सेन, अमन बघेल, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

# नाकाबंदी के दौरान गाडियों से कुल 10.45 लाख रुपये की संदिग्ध राशि की जब्त।

संवाददाता

धौलपुर राजस्थान। जिले में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशन में अवैध शराब, मादक पदार्थों बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता से जुटी हुई है7 जिले में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए पुलिस का अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर है, लगातार अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है7 अवैध शराब की धरपकड़ में अभियान तेजी से जारी है7 पिछले 24 घंटे में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में धौलपुर पुलिस के अलग अलग थानों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 11 प्रकरण दर्ज कर 1497 अवैध देशी शराब के पव्वे व 24 बीयर की बोतल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है7 पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि पुलिस थाना सरमथुरा द्वारा अवैध देशी शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 816 अवैध देशी शराब के पव्वे व 24 बीयर की बोतल सहित आरोपी कृष्णकुमार पुत्र बाबूलाल निवासी आंगई व दिग्विजय सिंह पुत्र भूरी सिंह निवासी आंगई थाना आंगई जिला धौलपुर को मय एक ईको गाड़ी के गिरफ्तार किया है, इसी प्रकार पुलिस थाना बसेड़ी द्वारा अवैध देशी बारात के 96 पव्वे सहित आरोपी रामबरन पुत्र भरोसी निवासी खैरारी थाना कंचनपुर व अवैध देशी शराब के 96 पव्वे सहित आरोपी जाकिर पुत्र सुबराती निवासी द्वौपुरा थाना जिला धौलपुर, पुलिस थाना सैंपऊ द्वारा अवैध देशी शराब के 62 पव्वे सहित आरोपी दुर्ग सिंह पुत्र नाथूराम निवासी रजौरा कलां व अवैध देशी शराब के 61 पव्वे सहित आरोपी गोविंद पुत्र कैलाश निवासी सैंपऊ, पुलिस थाना कोतवाली द्वारा अवैध देशी शराब के 62 पव्वे सहित आरोपी श्याम सिंह उर्फ बबलू पुत्र नारायण सिंह निवासी भामतीपुरा थाना कोतवाली जिला धौलपुर, पुलिस थाना दिहौली द्वारा अवैध शराब के 51 पव्वे सहित आरोपी राकेश कुमार पुत्र रामदास वर्मा निवासी महदपुरा थाना दिहौली व अवैध देशी शराब के 48 पव्वे सहित आरोपी अशोक कुमार पुत्र रामपत निवासी आम का पूरा थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर, पुलिस थाना सदर धौलपुर द्वारा अवैध शराब के 62 पव्वे सहित आरोपी पिंटू पुत्र मेघ सिंह निवासी नकटपुरा थाना सदर जिला धौलपुर व अवैध देशी शराब के 58 पव्वे सहित आरोपी राजू पुत्र शिवचरण निवासी दरियापुर थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर, पुलिस थाना सरमथुरा द्वारा अवैध देशी शराब की 85 पव्वे सहित आरोपी सतीश चंद्र पुत्र रामस्वरूप निवासी सती का चौक थाना सरमथुरा जिला धौलपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



## खबर कोना

### सियासी मुकाबले में एआई का इस्तेमाल, रील्स और फोटो-वीडियो के जरिए चुनावी जंग लड़ रहीं पार्टियां

**नई दिल्ली।** चुनावी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। इन राज्यों में तमाम सियासी दलों ने अपने चुनाव अभियान के तरीकों में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत प्रत्याशी हों या फिर पार्टियां, सभी जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का खासा इस्तेमाल कर रहे हैं। दक्षिणी राज्य तेलंगाना में भी पार्टियां नई तकनीकों का भरपूर उपयोग कर रही हैं। ऐसे में हमें जानना चाहिए कि चुनाव अभियान में कैसे हो रहा है आधुनिक तकनीक का उपयोग...

**मध्य प्रदेश**

मध्य प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए वॉर रूम बनाए हैं। पार्टी ने अपने भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय के पास में ही एक निजी भवन में सातवीं मंजिल पर वॉर रूम तैयार किया है, जो बीते कई हफ्तों से यहां काम कर रहा है। मध्य प्रदेश भाजपा चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में इस वॉर में टीम काम कर रही है। इसके साथ ही भाजपा ने अपने कार्यालय में भी एक वॉर रूम बनाया है। सितंबर के अंत में भोपाल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इलेक्शन वॉर रूम और स्टेट मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि वॉर रूम भी हमारा सटीक वार करेगा और अपने लक्ष्य पर संधान करते हुए निश्चित तौर पर हम सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे। बंसल वन में बने भाजपा के वॉर रूम में 100 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यहां पर 40 कम्प्यूटर सिस्टम लगाए गए है। जहां से भाजपा आईटी सेल अपनी उपलब्धियां के साथ ही कांग्रेस के आरोपों का जवाब दे रही है। यहीं से कांग्रेस पर डिजिटल वार और लोगों के घर तक डिजिटल सभाओं के माध्यम से पहुंच बनाई जा रही है। इन कामों में एआई का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा की तरह ही कांग्रेस का भी अपना चुनावी वॉर रूम है। कांग्रेस ने अपने सांसद नकुलनाथ के भोपाल स्थित शासकीय बंगले पर वॉर रूम तैयार किया है। कांग्रेस की एक टीम यहां से चुनाव में काम कर रही है। इसके साथ ही एक वॉर रूम पीसीसी चीफ कमलनाथ के बंगले पर भी सक्रिय है। यहां पर हर विधानसभा सीट की मेपिंग की जा रही है। इसकी वॉर रूम की मॉनिटरिंग खुद कमलनाथ कर रहे हैं।

**छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ की सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने हाईटेक टेक्नोलॉजी से चुनाव लड़ने की तैयारी की है। इसके लिए राजधानी रायपुर के शंकर नगर में लेटेस्ट वॉर रूम तैयार किया गया है। इस वॉर रूम में अलग-अलग इलेक्शन एक्सपर्ट चुनावी गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहे हैं। यही से प्रदेशभर में संगठन पर बूथ स्तर तक फोकस रखने के साथ रणनीति भी बनाई जा रही है। कांग्रेस ने इस वॉर रूम में चुनाव को 360 डिग्री चलाने के लिए अलग-अलग यूनिट तैयार की है। पिछले दिनों ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस हाईटेक चुनावी वॉर रूम का उद्घाटन किया था। इस चुनाव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके सभी वोटर्स और चीफ मिनिस्टर भूपेश बघेल के बीच पर्सनल कनेक्ट बनाया जा रहा है। इस टेक्नोलॉजी से मुख्यमंत्री को एक ही समय में व्यक्तिगत रूप से लाखों वोटर्स से जोड़ा जा रहा है। सोशल मीडिया प्रबंधन टीम सरकार के संदेश को पहुंचाने के साथ ही विपक्ष की कमियों को हर नागरिक के मोबाइल फोन तक पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रही है। जानकारी के मुताबिक अब तक प्रदेश में 30 हजार से अधिक व्हाट्सएप ग्रुप्स, 5 हजार ब्रॉडकास्ट के अलावा, बड़ी संख्या में आधिकारिक और समर्थित फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल, यूट्यूब चैनल्स इत्यादि संचालित हो रहे हैं।

**राजस्थान**

राजस्थान का सत्ताधारी दल कांग्रेस इस बार हाईटेक तरीके से चुनाव लड़ने में जुटा है। सितंबर के अंत में कांग्रेस के सेंट्रल वॉर रूम के चेयरमैन और को-चेयरमैन नियुक्त की गई थी।

## एक नज़र

### मंडप में महामाया की महानबमि। शक्तिपीठ में दसवीं पूजा, राजधानी में देवी दर्शन के लिए भक्तों की भीड़

संवाददाता



**भुबनेर्स्व।** महामाया महानबमि। पूजा मंडप शंख ध्वनि और घंटियों से गूंज उठता है। पूरा वातावरण मंत्र की ध्वनि से गूंज रहा है. सुबह 7ः30 बजे से मां की महानबामी पूजा शुरू हो गई है. आज महानवमी पर अपराजिता पूजा, चंडीपाठ, कुमारी पूजा आदि की जाएगी। दोपहर में चंडी आहुति दी जाएगी।महामाया महानबमि। पूजा मंडप शंख ध्वनि और घंटियों से गूंज उठता है। पूरा वातावरण मंत्र की ध्वनि से गूंज रहा है. सुबह 7ः30 बजे से मां की महानबामी पूजा शुरू हो गई है. आज महानवमी पर अपराजिता पूजा, चंडीपाठ, कुमारी पूजा आदि की जाएगी। दोपहर में चंडी आहुति दी जाएगी। पार्वण के लिए देशभर के विभिन्न शक्तिपीठों में पूजा-अर्चना चल रही है। जबकि यह मंदिर पूरे वर्ष बंद रहता है, यह पीठ मूलाष्टमी के दिन खोली जाती है। करीब 16 दिनों तक मां की पूजा करने के बाद देर रात पूजा के बाद पीठ को फिर से दस दिनों के लिए बंद कर दिया जाता है। मान्यता है कि इन 16 दिनों में अगर आप मां की पूजा करेंगे तो आपकी मनोकामनाएं पूरी होंगी।**चार इंच तक बर्फ जम गई**

गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि इस वक्त यहां चार इंच तक बर्फ जम गई है, यहां चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद गोविंदघाट से किसी भी आम व्यक्ति को हेमकुंड साहिब जाने की अनुमति नहीं दी जाती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में 23 और 24 अक्तूबर को हल्की बारिश की संभावना जताई है। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। बीते पांच सालों के आंकड़ों पर नजर डाले तो सिर्फ साल 2022 में दशहरा पर्व के दिन पूरे प्रदेश भर में बारिश हुई थी। जिसके चलते रावण दहन के लिए इंतजार करने के साथ आयोजन स्थल पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।

### 5-टी सचिव भि के पांडियन ने भिआरएस लिया है । बिजेड़ी का भबिष्य ओड़िशा मे चर्चा

संवाददाता



**भुबनेर्स्व।**नवीन पटनायक के निजी सचिव और 5टी सचिव भि के कार्तिकेयन पांडियन ने प्रशासनिक नौकरियों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। पांडियन के भिआरएस को केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है. इस संबंध में कर्म मंत्रालय ने एसीएस को पत्र लिखा है.उनके वीआरएस लेकर राजनीति में आने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं. भि के पांडियन ने 20 तारीख को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था. राज्य सरकार ने इसे स्वीकार कर केंद्र के पास मंजूरी के लिए भेजा था. केंद्रीय श्रम मंत्रालय के सचिव भूपिंदर पाल सिंह ने आज राज्य लोक प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. बताया जाता है कि राज्य सरकार ने भिआरएस को लेकर 20 अक्टूबर को जो आवेदन भेजा था, उसे यूनिवर्सल सर्विस एक्ट 16(2ए) के तहत मंजूरी दे दी गयी. 2000 बैच के आईएएस अधिकारी वीके पांडियन का जन्म 1974 में तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत ओडिशा के कालाहांडी में एक आईएएस अधिकारी के रूप में की। उन्होंने 2002 से 2004 तक कालाहांडी उपज़िलापाल के रूप में कार्य किया। 2005 से मार्च 2007 तक, उन्होंने मयूरभंज जिले के मेयर और 9 अप्रैल, 2007 से 29 अप्रैल, 2011 तक गंजम जिले के गवर्नर के रूप में काम किया। बाद में पांडियन को मुख्यमंत्री के निजी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। वह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के काफी करीबी थे. गौरतलब है कि हाल के दिनों में 5 सचिव पूरे राज्य में घूम-घूम कर लोगों की शिकायतें सुन चुके हैं. पांडियन का तूफानी दौरा राजनीति से भरा रहा. विधानसभा में पांच सचिवों की गतिविधियों को लेकर विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा. विपक्षी भाजपा ने राज्य में बीजू जनता दल सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में सचिव शासन चल रहा है। भुवनेश्वर के सांसद अपराजित षाड़ंगी समेत कई नेताओं ने पांडियन से आग्रह किया कि अगर उन्हें राजनीति करनी है तो वह अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आ जाएं। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जिला स्तर पर लोगों की शिकायतें सुनना और योजना की घोषणा करना प्रशासनिक सेवा अधिनियम का उल्लंघन है। यहां तक ??कि मंत्रियों ने भी पांच सचिवों के आगे बेबस होने पर सरकार की आलोचना की. इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को सदन में बयान देना पड़ा. लोगों की समस्याएं सुनने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से अधिकारियों को भेजा गया. नवीन के बाद बीजेडी?और सरकार में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति व भी के पांडियन ने स्वेच्छा से नौकरी से संन्यास ले लिया, अब सवि की नजर अगले कदम पर है. आम चुनाव अभी कुछ महीने दूर हैं. औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होने के बाद वह अगानी चुनाव में अहम भूमिका निभा सकते हैं।ओड़िशा मे चर्चा शुरू हुआ है नबीन का बिकल्प भी के पांडियन ।पहले चर्चा हुई थी पांडियन की पत्नी सुजाता पंडियन राजनीति मै आएंग लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं ।नबीन के बाद भी के पंडियन ओड़िशा की मुख्यमंत्री ।

# दिल्ली का दशहरा: राम-रावण युद्ध देखने कौन नेता कहां जा रहा

## सूची में राष्ट्रपति मुर्मू से लेकर सोनिया गांधी तक




संवाददाता

**नई दिल्ली ।** लव कुश रामलीमा कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के अनुसार उनके यहां पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत मुख्य अतिथि होंगे। राजधानी में बड़े स्तर पर रामलीला मंचन कराने वाली कमेटियों के बाड़ों में विजय दशमी (दशहरा) पर्व मनाने के लिए मंगलवार को नेताओं का जमावड़ा होगा। सभी बड़ी रामलीला कमेटियों ने देश के नेताओं को अपने यहां आने का न्यौता दिया था, मगर अधिकतर कमेटियों को सभी नेताओं के आने का समय नहीं मिला। दरअसल विख्यात नेताओं ने एक से दो कमेटियों के कार्यक्रम में ही आने की मंजूरी दी है। लालकिला मैदान में रामलीला करा रही श्री धार्मिक लीला कमेटी व लवकुश रामलीला कमेटी के यहां विजय दशमी पर्व में सबसे अधिक व बड़े नेता शामिल होंगे। श्री धार्मिक लीला कमेटी के प्रवक्ता रवि जैन ने बताया कि उनके यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आएंगे। वहीं लव कुश रामलीमा कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के अनुसार उनके यहां पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत मुख्य अतिथि होंगे। लालकिला मैदान में ही रामलीला मंचन करा रही नवश्री धार्मिक लीला कमेटी के प्रवक्ता राहुल शर्मा ने बताया कि उनके यहां पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी आएंगी। रामलीला मैदान में रामलीला करा रही श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि उनके यहां पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी मुख्य अतिथि होंगी। जबकि जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में रामलीला कराने वाले श्री राम धार्मिक रामलीला समिति के चेयरमैन सतीश उपाध्याय के अनुसार उनके यहां पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी विजय दशमी पर्व में आएंगी। डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के पंडाल में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन व सांसद मनोज तिवारी मुख्यअतिथि होंगे। वहीं श्रीरामलीला कमेटी इंद्रप्रस्थ के सुरेश बिंदल ने बताया कि उनके कार्यक्रम प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा आएंगे।

# सांसद मनीष तिवारी ने बलाचौर में अपने राजनीतिक दौरे के दौरान बांटे फंड - अजय मंगूपुर जिला अध्यक्ष कांग्रेस

संवाददाता





**नवांशहर/ बलाचौर।** श्री आनंदपुर साहिब से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने बलाचौर विधानसभा क्षेत्र के रक्करन ढाहां और मजारी के विभिन्न गांवों में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने बलाचौर शहर में वाल्मिकी समुदाय की धर्मशाला के विकास के लिए 2.50 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक भी सौंपा। इसी प्रकार ग्राम जलालपुर में स्वामी दयाल दास जी महाराज एवं स्वामी भगवान दास जी महाराज के तत्वाधान में कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद तिवारी ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। इसलिए वे क्षेत्र के लोगों की जरूरतों के मुताबिक बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए अपने संसदीय कोटे से लगातार अनुदान जारी कर रहे हैं और यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। इस दौरान जिला शहीद भगत सिंह नगर के अध्यक्ष अजय मंगूपुर ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हल करने का आश्वासन दिया। गांव जलालपुर में आयोजित टूर्नामेंट के दौरान जिला अध्यक्ष अजय मंगूपुर ने नशे के खिलाफ लड़ाई में अपना अहम योगदान दे रहे खिलाड़ियों और आयोजन समिति का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर चौधरी दर्शन लाल मंगूपुर पूर्व विधायक बलाचौर, पवन दीवान पूर्व चेयरमैन लार्ज इंडस्ट्रियल पंजाब, मंगूपुर जिला अध्यक्ष शहीद भगत सिंह नगर, हरजीत जडली उपाध्यक्ष डीसीसी, धर्मपाल चेयरमैन ब्लॉक समिति बलाचौर और सदस्य डीसीसी, राजिंदर सिंह शिंदी कार्यालय सचिव डीसीसी, बलजिंदर सिंह जिला अध्यक्ष पंचायती राज संगठन और सरपंच मानेवाल, तिलक राज सूद ब्लॉक अध्यक्ष सरोआ, जसबीर सिंह नंबरदार, नवीन चौधरी राज्य समन्वयक ओबीसी। सेल, सुरिंदर कौर सरपंच, अमरीक सिंह, सतविंदर कुमार, बलदेव राज शास्त्री, अवतार सिंह सरपंच, दीपक कुमार, परमजीत सिंह, सरपंच जसपाल सिंह, कुलदीप सरपंच निमथी, मदन लाल, मनोज कुमार खेपड़ आदि मौजूद थे।

### सरकंडा ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई



संवाददाता

**नवांशहर /काठगढ।** रोपड़ बलाचौर हाईवे पर मोके से सरकंडा ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की खबर मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बलाचौर की ओर से उक्त मार्ग पर सरकंडा लेकर रोपड़ की ओर जा रही थी, लेकिन जब यह ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव पन्याली खुर्द के पास पहुंची तो अनियंत्रित हो गई और साथ लगते खेतों में पलट गई। इस दुर्घटना में कोई भी घायल या अन्य क्षति नहीं हुई और दुर्घटना घटित होने के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी क्योंकि दुर्घटना स्थल पर कोई मौजूद नहीं था।

# धन धन कुल्ला सरकार बाबा सरवन दास जी महाराज स्मारक 19वां कबड्डी टूर्नामेंट अवतार कबड्डी क्लब पोजेवाल ने जीता

संवाददाता









**नवांशहर।** धन धन कुल्ला वाले सरकार बाबा सरवन दास जी महाराज जी की मधुर एवं हार्दिक स्मृति में गांव जलालपुर तहसील बलाचौर जिला शहीद भगत सिंह नगर में तीन दिवसीय कबड्डी और वॉलीबॉल टूर्नामेंट बड़े शोक के साथ संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में लगभग 100 कबड्डी और वॉलीबॉल टीमों ने भाग लिया। इस कबड्डी और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन स्वामी दयाल दास जी महाराज गद्दी नशीं डेरा बौरी साहिब ने किया। पहले दिन 40 किलोग्राम भार वर्ग, नारोल ग्राम स्तर और 62 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। दूसरे दिन 75 किलोग्राम भार वर्ग एवं ग्राम स्तरीय कबड्डी एवं ग्राम स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन ग्राम स्तरीय फाइनल मुकाबले में हरखोवाल ने रानीपुर की टीम को हराकर 11000 का पुरस्कार जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रानीपुर की टीम 8100 का पुरस्कार जीतकर दूसरे स्थान पर रही। कबड्डी ऑल ओपन में 24 टीमों ने भाग लिया। ऑल ओपन कबड्?डी का फाइनल मैच अवतार कबड्?डी क्लब पोजेवाल और राजू पंप वाले कबड्?डी क्लब बागोवाल की टीमों के बीच खेला गया। अवतार कबड्डी क्लब पोजेवाल ने बागोवाल की टीम को हराकर जलालपुर कबड्डी कप जीत लिया। पोजेवाल की टीम को 61000 का प्रथम पुरस्कार तथा बागोवाल की टीम को 41000 का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस कबड्डी टूर्नामेंट की बेस्ट रेडर सोनी भडला और बेस्ट स्टॉपर सोनू राजपुरा रहीं। उन्हें दो मोटरसाइकिलें दी गईं। पुरस्कार वितरण मरांट बाबा भगवान दास जी महाराज, स्वामी दयाल दास जी महाराज बाबा बेअंत दास जी महाराज जी ने अपने कर कमलों से किया। इस अवसर पर श्री मनीष तिवारी लोकसभा क्षेत्र आनंदपुर साहिब के सांसद, पूर्व सांसद प्रोफेसर प्रेम सिंह चंदूमाजरा, सतनाम जलालपुर अध्यक्ष जिला योजना बोर्ड जिला शहीद भगत सिंह नगर, चौधरी अजय कुमार मंगूपुर अध्यक्ष कांग्रेस जिला शहीद भगत सिंह नगर, एस.एच.ओ. पंकज शरमन काठगढ़, दर्शन महंत बलदेव बाठ, सुभास जस्सा सरपंच, कुन्दन लाल, राम प्रताप, पूर्व सरपंच जगतार सिंह मक्कोवाल, गुरविन्दर सिंह कमालपुर, जस्सी भाटिया, मदन लाल, सरपंच तेहरा, शिव कुमार पंडित, डॉ. सुनीता बलाचौर, अमन वर्मा मौजूद रहे। इस कबड्डी टूर्नामेंट की कमेंट्री अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर बीरा राल माजरा, बंटी फतेहपुर, बिट्टू हकला ने बहुत ही बेहतरीन तरीके से की।

# दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश को 149 रनो से हराया

# बंगलादेश फतह के साथ न्यूजीलैण्ड को भी पछाड़ा

❖ **दक्षिण अफ्रीका की एक और बड़ी जीत, अंक तालिका में न्यूजीलैंड को पीछे किया, डिकॉक-क्लासेन चमके।**

**एजेंसी**



**मुंबई।** 149 रन की विशाल जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को पीछे करते हुए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, बांग्लादेश की टीम आखिरी स्थान पर खिसक गई है। वनडे विश्व कप 2023 के 23वें मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को हरा दिया। इस जीत के साथ अफ्रीकी टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गई और सेमीफाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 382 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश 233 रन ही बना पाया और मैच 149 रन से हार गया। इस टूर्नामेंट में यह दक्षिण अफ्रीका की चौथी जीत है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 382 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 46.4 ओवर में 233 रन ही बना पाई और मैच 149 रन से हार गई। बांग्लादेश के लिए महमुदुल्लाह रियाद ने 111 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी टीम के काम नहीं आ सकी। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 174 और हेनरिक क्लासेन ने 90 रन बनाए। कप्तान मार्करम ने 60 रन का योगदान दिया।

**मैच में क्या हुआ?**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफ्रीकी टीम की शुरुआत खराब रही थी। रीज हेंड्रिक्स 12 रन और रसी वान डर डुसेन एक रन बनाकर आउट हुए। हेंड्रिक्स को शोरिफुल और डुसेन के मिराज ने आउट किया। इसके बाद क्विंटन डिकॉक ने कप्तान एडेन मार्करम के साथ तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी निभाई। डिकॉक ने वनडे करियर का 20वां और इस विश्व कप का तीसरा शतक लगाया। वहीं, मार्करम ने वनडे करियर का नौवां अर्धशतक लगाया। इस साझेदारी को शाकिब ने तोड़ा। मार्करम 69 गेंद में सात चौके की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, डिकॉक ने अपने 150वें वनडे में 140 गेंद में 15 चौके और सात छक्के की मदद से 174 रन की पारी खेली। यह इस विश्व कप का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 163 रन की पारी खेली थी। इसके बाद हेनरिक क्लासेन ने 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। क्लासेन और डिकॉक के बीच 141 रन की साझेदारी हुई। क्लासेन 49 गेंद में दो चौके और आठ छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली। डेविड मिलर 15 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 34 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, मार्को यानसेन एक रन बनाकर नाबाद रहे।

**महमुदुल्लाह का शतक बेकार**

383 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी बांग्लादेश की टीम लय में नहीं दिखी। तंजिद हसन और लिटन दास ने धीमी शुरुआत की। इस जोड़ी ने छह ओवर में 30 रन जोड़े और इसी स्कोर पर तंजिद हसन आउट हो गए। अगली ही गेंद पर नजमुल हसन भी आउट हो गए। कप्तान शाकिब एक रन और मुश्फिकुर रहीम आठ रन बनाकर आउट हुए। लिटन दास भी 44 गेंद में 22 रन बनाकर चलते बने। 81 रन पर बांग्लादेश के छह विकेट गिर गए थे। महमुदुल्लाह ने एक छोर संभाला और मेहदी हसन-नसुम अहम 19 रन बनाकर उनका साथ निभाते रहे। हसन महमूद ने 15 और मुश्तफिजुर ने 11 रन बनाए। इस बीच महमुदुल्लाह तेजी से रन बनाते रहे और अपना शतक पूरा किया। वह 111 रन के स्कोर पर आउट हुए। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 227/9 था। इसके बाद पूरी टीम 233 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोट्जे ने तीन विकेट लिए। मार्को यानसेन, कगिसो रबाडा और लिजार्ड विलियम्स को दो-दो विकेट मिले। केशव महाराज ने एक विकेट लिया।

# अफगानिस्तान से हारने के बाद बौखलाए पाकिस्तान के शोएब अख्तर, वसीम-मिस्बाह और मलिक

**एजेंसी**





**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों ने भी अपनी टीम पर सवाल खड़े किए हैं। शोएब अख्तर ने तो यहां तक कह दिया कि इस टीम को देखकर कौन युवा प्रेरित होगा और क्रिकेट को करियर चुनने के बारे में सोचेगा। वहीं, वसीम अकरम ने अपनी टीम की फिटनेस पर सवाल खड़े किए हैं। पाकिस्तान को अफगानिस्तान के हाथों आठ विकेट से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। यह वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली जीत रही। दोनों टीमों के बीच अब तक आठ वनडे मैच खेले गए हैं और पाकिस्तान ने सात मैच जीते थे। अफगानिस्तान ने एक मैच जीता है। पाकिस्तान की हार के बाद सोशल मीडिया पर फैंस की ओर से काफी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। पाकिस्तान के फैंस तो बाबर आजम और बाकी खिलाड़ियों को टीम से निकालने की मांग तक कर रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों ने भी अपनी टीम पर सवाल खड़े किए हैं। शोएब अख्तर ने तो यहां तक कह दिया कि इस टीम को देखकर कौन युवा प्रेरित होगा और क्रिकेट को करियर चुनने के बारे में सोचेगा। वहीं, वसीम अकरम ने अपनी टीम की फिटनेस पर सवाल खड़े किए हैं। शोएब मलिक और मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के इंटेंट पर सवाल उठाए हैं और बाबर की टीम को लताड़ लगाई है। आइए जानते हैं कि पाकिस्तान की ओर से इस हार पर क्या प्रतिक्रियाएं आ रही है...

**शोएब अख्तर ने मैनेजमेंट पर सवाल खड़े किए**

अपने यूट्यूब चैनल पर पाकिस्तान के महान गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा- अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को बताया है कि क्रिकेट खेलते कैसे हैं। वर्ल्ड चैंपियन थे हम और अब अफगानिस्तान की इकोनॉमी हमसे बेहतर हो रही है, टीम भी हमसे बेहतर हो रही है और करेंसी भी हमसे बेहतर हो रही है। इस मैच में अफगानिस्तान की बैटिंग भी हमसे बेहतर हो गई। लोगों को लगता है कि मुझे चेयरमैन बनने का शौक है, इसलिए मैं वीडियोज बनाता हूं। मैं आपको सच बताता हूं। मेरे साथ पाकिस्तान ने कुछ बुरा नहीं किया न। पाकिस्तान ने मुझे हर चीज दी। अब मेरा भी हक बनता है कि मैं पाकिस्तान के लिए कुछ कर के दूं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में हर काम के लिए सही आदमी को चुनने की जरूरत है। आप ये अफगानिस्तान से क्यों नहीं सीखते हो? पाकिस्तान में कहां से बंदा उठकर चेयरमैन बन जाता है। आखिर कब तक आप मिडियोक्रिटी को लागू करते रहोगे। आप औसत बंद लाकर रखते रहोगे और औसत प्रदर्शन होता रहेगा, इकोनॉमी तो वैसे ही तबाह है, क्रिकेट इकोनॉमी भी तबाह हो जाएगी। हो ही गई है तबाह, मौजूदा समय में आपके पास कौन ब्रांड है? अख्तर ने कहा- कौन सा ऐसा क्रिकेटर है जिसे देखकर युवा प्रेरित होंगे और क्रिकेट चुनने के लिए आगे आएंगे? मैंने तो वकार यूनिस, वसीम अकरम, इमरान खान, स्टीव वॉ, एलन बॉर्डर और विवियन रिचर्ड्स को देखा है। पर इस पाकिस्तान टीम में कौन से ऐसे प्रेरित करने वाले क्रिकेटर हैं? लोग क्यों वीडियो देखते हैं हमारी आज भी, क्योंकि हमने कई युवाओं को प्रेरित किया। टीम को छोड़ दें, पीसीबी की बात करें, मैनेजमेंट की बात करें जो पीसीबी में हो रहा है उसका सीधा असर टीम पर दिख रहा है। पीसीबी ने जो चुनाव किए पिछले 20-30 वर्षों में उसका असर अब दिख रहा है। और अपने मैनेजमेंट में औसत लोग लाएं, याद रखना लोग ठीक लोगों को अपने दिल में जगह देती है। वो बंदा फिर लोगों को प्रेरित करता है। फिर एक टीम बनती है। मैंने पाकिस्तान के लिए खेला है, लेकिन अब मेरा दिल रो रहा है इस स्थिति को देखकर। मैं हमेशा से अपने लड़कों का समर्थन करता आया हूं, आज भी करूंगा, मेरा समर्थन कभी इस टीम के लिए खत्म नहीं होगा। हालांकि, अगर मैं टीम के साथ होता तो मैं कप्तान बाबर को कहता जो हो गया उसे भूल जाओ और तुम्हारे सामने न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश हैं। इन चारों टीमों को हराओ। खुलकर खेलो देखते हैं क्या होगा। बाबर को खुद भी 120 के स्ट्राइक रेट से खेलने के लिए कहूंगा।

**वसीम अकरम ने फिटनेस पर सवाल उठाए**

पाकिस्तान के पूर्व महान तेज गेंदबाज और स्विंग के किंग कहे जाने वाले वसीम अकरम ने कहा कि मौजूदा पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों का फिटनेस लेवल बहुत ही घटिया है। वसीम ने कहा कि 1992 विश्व कप चैंपियंस के लिए यह हार बहुत दुखद है। उन्होंने एक स्पोर्ट्स चैनल पर कहा- यह बहुत ही शर्मिंदा करने वाली हार थी। अफगानिस्तान ने दो विकेट के नुकसान पर ही यह मैच जीत लिया। 280-290 बड़ा स्कोर होता है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि पिच गीली है या नहीं। आप हमारे खिलाड़ियों का फिटनेस लेवल देखें। हम कबसे चिल्ला रहे हैं कि पिछले दो साल से इन खिलाड़ियों का कोई फिटनेस टेस्ट नहीं हो रहा है। मैं खिलाड़ियों का नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन उनको देखने से लगता है कि वह आठ-आठ किलो निहारी (मटन) हर रोज खा रहे हैं। हम पिछले दो साल से कह रहे हैं कि खेलना है तो फिटनेस के लिए कोई टेस्ट तो होना चाहिए। आप पेशेवर क्रिकेटर्स हैं। आपको पैसे दिए जा रहे हैं और आप देश के लिए खेल रहे हैं। टीम में चयन के लिए कोई निश्चित मानदंड होनी चाहिए। वसीम ने मैनेजमेंट पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा- रमीज राजा के बतौर पीसीबी चेयरमैन हटने के बाद नए चेयरमैन आए (नजम सेठी)। उस वक्त टीम के कोच सकलैन मुश्ताक और मोहम्मद यूसुफ थे। उन्हें 10 लाख रुपये सैलरी दी जा रही थी।


# दशहरा पर शाहिद कपूर का फैंस को तोहफा! देवा का फर्स्ट लुक किया जारी, इस दिन रिलीज होगी फिल्म



शाहिद कपूर ने हाल ही में नया लुक अपनाया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस को इस बात की भनक तो लग गई थी कि उनका यह लुक किसी अगली फिल्म के लिए होने वाला है। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म को लेकर फैंस के बीच खासा चर्चा बनी हुई है। आज दशहरा के पावन मौके पर शाहिद ने अपने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। आज दशहरा के पावन पर्व पर शाहिद कपूर ने खुद अपनी अपकमिंग

फिल्म





देवा को लेकर बड़ा एलान कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का पहला लुक भी जारी किया है। अभिनेता ने इस थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है।

**देवा का फर्स्ट लुक आया सामने**

शाहिद कपूर ने हाल ही में नया लुक अपनाया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस को इस बात की भनक तो लग गई थी कि उनका यह लुक किसी अगली फिल्म के लिए होने वाला है। अब इस शाहिद ने इसकी पुष्टि खुद ही कर दी है। शाहिद कपूर ने आज दशहरा के दिन अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल (अब एक्स) पर अपनी आने वाली अपकमिंग फिल्म %देवा% का एलान किया है।

**पूजा हेगड़े के साथ आएंगे नजर**

शाहिद कपूर की %देवा% का यह फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर काफी तेजी से छा रहा है और फैंस इस मूवी के लिए एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। फैंस को शाहिद का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। शाहिद कपूर के साथ इस फिल्म में मशहूर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। वहीं इस फिल्म का निर्माण बॉलीवुड फिल्ममेकर सिद्धार्थ रॉय कपूर के रॉय कपूर फिल्म्स बैनर तले किया जा रहा है।

# ऊपर वाला सिर देखकर सरदारी देता है.. सलमान ने बिशन सिंह बेदी के निधन पर अंगद के लिए लिखा संदेश



बीते दिन क्रिकेट जगत से दिग्गज क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी के निधन की दुखद खबर ने सभी का दिल तोड़ दिया है। क्रिकेट जगत से लेकर फिल्मी दुनिया तक की बड़ी-बड़ी हस्तियों को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के निधन से गहरा सदमा लगा है। तमाम सितारे बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त करने के साथ ही उनके बेटे और अभिनेता अंगद सिंह बेदी को ढांढस बंधा रहे हैं। शाहरुख खान से लेकर अनुपम खेर जैसे सितारों के शोक जताने के बाद अब हाल ही में सलमान खान ने सोशल मीडिया पर दिग्गज क्रिकेटर को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपनी फिरकी में बैट्समैन को उलझाने वाले दिग्गज क्रिकेटर और अभिनेता अंगद सिंह बेदी के पिता बिशन सिंह बेदी का बीते दिन निधन हो गया है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने 77 साल की उम्र में अंतिम सांस ली, जिसकी जानकारी उनके बेटे अंगद सिंह बेदी ने दी। क्रिकेट की दुनिया में अपनी छाप छोड़ने वाले बिशन सिंह बेदी के निधन से सभी गहरे सदमे में हैं। तमाम सितारों के शोक व्यक्त करने के बाद अब अंगद बेदी संग %टाइगर जिंदा है% में साथ काम करने वाले सलमान खान ने बिशन सिंह बेदी के निधन पर दुख जताते हुए अभिनेता के लिए एक खास मैसेज लिखा। सुपरस्टार सलमान खान ने बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया और अंगद को याद दिलाया कि परिवार का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर है। अभिनेता ने लिखा, %मेरे प्यारे भाई अंगद, मुझे तुम्हारे पिता के बारे में सुनकर दुख हुआ, वह क्या गेंदबाज थे और क्या आदमी थे, हम एक परिवार के रूप में उनसे प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। अब आप परिवार के मुखिया हैं। ऊपर वाला सर देखकर सरदारी देता है। आपके पिता एक महान थे। लव यू। अभिषेक बच्चन ने भी क्रिकेट लीजेंड के निधन पर शोक व्यक्त किया और लिखा, %हमने आज एक लीजेंड खो दिया! बिशन सिंह बेदी जी को हमेशा महानतम लोगों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। कई मौकों पर उनके साथ बातचीत करने का सम्मान मिला, आखिरी बार घूमर के निर्माण के दौरान। उनकी गर्मजोशी और प्यार को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और भगवान उन्हें इस कठिन समय के दौरान शक्ति दे। अंगद बेदी मजबूत रहें। उन्हें शाश्वत शांति मिले। बिशन सिंह बेदी ने सोमवार को अंतिम सांस ली। वह 77 वर्ष के थे। बिशन सिंह बेदी ने 67 टेस्ट और 10 एक दिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल मिलाकर अपने करियर में 273 विकेट लिए। खेल के बारे में अपनी गहरी समझ के लिए प्रसिद्ध, बिशन सिंह बेदी की शानदार और लयबद्ध गेंदबाजी एक्शन, अद्भुत स्पिन उत्पन्न करने की उनकी क्षमता और गेंद के साथ उनके अनुशासन ने उन्हें जबर्दस्त सफलता दिलाई थी।










# विजयदशमी पर 'हिंदुस्तानी' का फर्स्ट लुक जारी, प्रदीप पांडे चिंटू ने उठाया तीर कमान




वजयदशमी के अवसर पर भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू की फिल्म %हिंदुस्तानी% का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में प्रदीप पांडे चिंटू हाथ में धनुष बाण लिए कलयुगी रावण जैसी काया का वध करते हुए दिख रहे हैं। रावण के लुक में अभिनेता देव सिंह नजर आ रहे हैं। भोजपुरी फिल्म %हिंदुस्तानी% के फर्स्ट लुक को लेकर उत्साहित अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू ने अपने प्रशंसकों को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'हिंदुस्तान की धरती पर जब जब अत्याचार बढ़ा है। संत सनातन की रक्षा के लिए प्रभु श्रीराम अवतार लेते है। और, मर्यादा में रहते हुए तब तक धनुष बाण नहीं उठाते है,जब तक रावण रूपी मानव मर्यादा को भंग ना करे। अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू कहते हैं, %यह फिल्म बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है, इसलिए हमने विजयदशमी के अवसर पर फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। आज समाज में देश के



अंदर ही रावण का नकाब पहने बहुत लोग घूम रहे हैं। जो देश को भीतर भीतर ही दीमक की तरह काट रहे है। आज हमें पड़ोसी मुल्कों से खतरा देश में बैठे रावण से ही है। और, जब जब रावण रूपी इंसान ने देश और समाज को नुकसान पहुंचाता है कोई न कोई राम बनकर धनुष बाण उठाया है। यह फिल्म पूरी तरह से देश भक्ति फिल्म है। इस फिल्म के निर्देशक नील मणि सिंह कहते हैं, %यह पूरी तरह से हिंदुस्तानी फिल्म है, जिसकी शूटिंग हमने गोरखपुर में की है। इस फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी पूरा हो गया है। जल्द ही इस फिल्म के रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। इस फिल्म की कहानी आम भोजपुरी फिल्मों से काफी हटकर है। प्रदीप पांडे चिंटू अपनी हर फिल्म में खूब मेहनत करते ही है, लेकिन इस फिल्म में उन्होंने मेरी उम्मीद से बढ़कर काम किया है।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।